50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10 °c | अधिकतम 25 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:52, सूर्यास्त : 5:20 | वर्ष : 50/ अंक : 326 | रविवार, 27 नवम्बर 2022 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

आज की अमृतवाणी

सफलता की फसल काटने के लिए मेहनत के पसीने से प्रयासों के बीजों को सींचना पड़ता है।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

महिलाओं पर विवादित बयान देकर बुरे फंसे बाबा रामदेव, एनसीपी ने किया विरोध प्रदर्शन : मुम्बई

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः.....

खतौली जीते तो दिल्ली हिला देंगे: जयंत

▶ बोले : आजाद समाज पार्टी के गठबंधन में आने से बढ़ी ताकत ▶ चंद्रशेखर ने दलितों को दो अप्रैल को हुए जुल्म का बदला लेना है

खतौली में आयोजित गठबंधन की सभा में मंचासीन जयंत चौधरी, चन्द्रशेखर, कमाल अख्तर व अन्य नेता

मुजफ्फरनगर, 26 नवंबर (बु.)। रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी ने कहा कि खतौली चुनाव देश के राजनीतिक भविष्य का निर्धारण करने वाला चुनाव है। खतौली जीते तो दिल्ली में भाजपा की सत्ता को हिला देंगे और इसके बाद नंबर लखनऊ का होगा। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी के रालोद-सपा गठबंधन में शामिल होने के बाद इसकी ताकत बढ़ी है और भाजपा के मुकाबले के लिए अब मजबूती से लड़ाई लड़ी जाएगी।

खतौली उपचुनाव के लिए मंडी समिति स्थल पर आयोजित सपा, रालोद और आसपा की संयुक्त चुनावी सभा में रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने आज संविधान दिवस लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है। उन्होंने भाजपा पर संवैधानिक व्यवस्थाओं खत्म करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसी संविधान ने सबको बराबरी और वोट की ताकत दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने तरह-तरह के वादे कर वोट बटोरी। अमित शाह कह कर गए थे कि भाजपा की सरकार बनी तो किसानों के यहां पांच साल बिजली के बिल नहीं आएंगे। चौदह दिन में गन्ने का भुगतान होगा। करोड़ों रोजगार देंगे। कुछ हुआ? डेढ साल पहले जिनकी नौकरी लग चुकी है अब पीएम रोजगार मेले के नाम पर मोदी उन्हें नियुक्ति पत्र बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा मुसलमानों का इलाज करने की बात करती है। इलाज तो उनका होना चाहिए जो नफरत फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग कह रहे हैं कि स्व.चौधरी अजित को उन्होंने हराकर भेजा है, उन्हें पता होना चाहिए कि अजित सिंह यहां भाईचारे को जिताकर गए हैं। पांच दिसंबर को ऐसे लोगों को जवाब देना है। उन्होंने कहा कि सपा और रालोद के साथ आसपा के जुड़ने के बाद जो गठबंधन बना है, वह केवल जीत के लिए नहीं है। यह उभरते भारत का गठबंधन है। खतौली में जीत मिली तो 24 में दिल्ली का समीकरण बिगाड़ देंगे और इसके बाद लखनऊ में इलाज होगा।

उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मोदी ने कभी चाय बेची। हां उन्होंने गर्म पकौड़े जरूर बेचे होंगे। अबकी बार चंद्रशेखर के साथ आ जाने से गठबंधन की चाय में डबल शक्कर हो गई है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि अभी सामाजिक और आर्थिक तौर पर बराबरी बाकी है। सरकार देश को अडानी और अंबानी का कारखाना बना देगी। इसके बाद आप बंधुआ मजदूर बन जाओगे। नौकरी देने की बात सरकार करती है, लेकिन भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं होती। भाजपा को नकली राष्ट्रवादी बताते हुए उन्होंने कहा कि आज गांव-गांव में शहीदों की मूर्तियां लगी हैं। देश के लिए कुर्बानी देने वालों को सरकार पेंशन नहीं दे सकती। चार साल की नौकरी से युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। सरकार इसके लिए पैसे की कमी बताती है। उन्होंने कहा कि वे खुद गांवों में जाकर प्रचार करेंगे। सभा को प्रत्याशी मदन भैया के अलावा आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शाहिद मंजूर, पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक, राजपाल बालियान, रालोद नेता त्रिलोक त्यागी, डॉ.सुशील कुमार, अतुल प्रधान, राजेंद्र शर्मा, विधायक राजपाल बालियान, पंकज मलिक, चंदन चौहान, प्रभात तोमर, राकेश शर्मा, जयंत किशोर, बच्ची सैनी, चौधरी नरेंद्र सिंह गुर्जर, चौ.योगेंद्र सिंह, जगदीश पाल, जयंत किशोर, डॉ.यशवीर सिंह, संजय जाटव आदि ने संबोधित किया। संचालन रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक तथा सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने किया।

नगर आयुक्त ने परखी नगर पालिका की व्यवस्था, दिए सुधार के निर्देश

▶ नई मंडी वार्ड 19 का किया निरीक्षण, 12 बिंदुओं पर की समीक्षा

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बु.)। नगर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार को सहारनपुर नगर आयुक्त गजल भारद्वाज (आईएएस) ने नवगठित/सीमा विस्तार वाले निकायों की श्रेणी में मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद और नई मंडी भोपा रोड के आसपास के वार्डों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित बिंदुओं पर वस्तु स्थिति को जांचने के साथ ही पालिका परिषद स्थित प्रशासक कक्ष में अधिशासी अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

सहारनपुर नगर आयुक्त गजल भारद्वाज मुजफ्फरनगर जनपद की नगर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की नोडल अधिकारी हैं, जिन्होंने शनिवार को अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान खतौली और मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद की हकीकत को नजदीक से परखा और अधीनस्थों को नगर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शासन की ओर से तय बिंदु पर काम करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश शासन द्वारा 16 नवंबर से 30 नवंबर तक नगर सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इस दौरान नगर पालिका और नगर निकायों में शासन की ओर से तय 12 विभिन्न बिंदुओं पर निकायों के कामकाज की समीक्षा की जा रही है। इन बिंदुओं में जल भराव, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, गौशाला और उसका रख-रखाव, तालाबों के जीर्णोद्धार, डेंगू नियंत्रण के लिए फॉगिंग सहित नगर निकाय द्वारा किए जा रहे प्रयासों, कंट्रोल रूम में आई शिकायतों के निस्तारण, एमआरएफ सेंटर, सफाई व्यवस्था, जल निकासी आदि शामिल हैं। शनिवार को सहारनपुर नगर आयुक्त गजल भारद्वाज के मुजफ्फरनगर पहुंचने पर ईओ पालिका हेमराज सिंह द्वारा खतौली से वापस लौटते हुए नगर की सीमा से सटे मेरठ रोड हाईवे पर उनका स्वागत किया। यहां से नगर में प्रवेश कराते हुए पालिका के अधिशासी अधिकारी हेमराज सिंह ने नई मंडी क्षेत्र के वार्ड 19 और भोपा रोड क्षेत्र का निरीक्षण कराया, जहां नगर आयुक्त ने अधिकारियों को क्षेत्र की साफ सफाई के साथ कूड़ा निस्तारण और डेंगू में संक्रमण की आशंकाओं के बीच एंटी लार्वा का छिड़काव कराए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद नगर आयुक्त गजल भारद्वाज नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर पहुंची जहां उन्होंने 5 मिनट तक अधिशासी अधिकारी हेमराज सिंह समेत अन्य अधिकारियों से नगर सेवा पखवाड़ा से जुड़े तमाम कार्यों की समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने पालिका में वर्तमान में सफाई कर्मचारियों की स्थिति, अमृत योजना के अंतर्गत पेयजल योजना, स्वच्छ भारत मिशन की स्थिति, जलभराव के साथ गोवंश की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी। समीक्षा बैठक में अधिशासी अधिकारी हेमराज सिंह ने नगर आयुक्त गजल भारद्वाज को बताया कि नगरीय क्षेत्र में बरसात में जल भराव की कोई स्थायी समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि नगर में एक एमआरएफ सेंटर निमार्णाधीन है। गौशाला के संबंध में इन्होंने बताया कि अभी मात्र एक अस्थाई गौशाला है। कान्हा उपवन गौशाला के लिए डीपीआर बनाकर शासन को भेजी गई है। ईओ ने बताया कि नगर क्षेत्र में 50 वार्डों में से 35 वार्ड में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन किया जा रहा है। वही 30 टिपर द्वारा कूड़ा कलेक्शन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सफाई और अपशिष्ट प्रबंधन में कुल 70 गाड़ियां लगी हैं तथा सभी सफाई कर्मचारियों सहित नगर पालिका में 800 कर्मचारियों का स्टाफ है। नगर आयुक्त ने पालिका की सफाई निरीक्षक पलाक्षा मेनवाल से भी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था तथा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

अधिशासी अधिकारी बोले-4 माह से प्रभावित है पालिका के विकास कार्य

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बु.)। पालिका में विकास कार्यों की गति धीमी होने के सवाल पर पालिका के अधिशासी अधिकारी हेमराज सिंह ने नगर आयुक्त सहारनपुर गजल भारद्वाज को बताया कि नगर पालिका में बीते 4 माह से विकास की गति को ब्रेक लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि बीते 19 जुलाई से वैशाली अंजू अग्रवाल के वित्तीय अधिकार सीज होने के कारण विकास का पहिया थम गया था। उन्होंने बताया कि इस बीच वित्तीय अधिकार जहां नगर मजिस्ट्रेट के पास रहे, वहीं प्रशासनिक अधिकार चेयरमैन रही अंजू अग्रवाल के पास थे, जिससे सामंजस्य न बन पाने के कारण तमाम विकास कार्यों की गति रुक सी गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद 10 अक्टूबर को शासन स्तर पर दिए गए निर्णय के आधार पर चेयरमैन रही अंजू अग्रवाल के प्रशासनिक अधिकार भी सीज कर दिए गए, जिसके बाद वह कोर्ट चली गई। 24 नवंबर को एक बार फिर पालिका में कोर्ट के निर्णय को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है, जिसके आदेश मिलने के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

ट्रक के नीचे दबी कार, मासूम बच्ची सहित तीन की मौत

मुजफ्फरनगर, 26 नवंबर (बु.)। पूरे प्रदेश में यातायात पुलिस यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिये यातायात माह मना रही है, लेकिन यह माह एक औपचारिकता बनकर रह गया है। सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे ऑवरलोड वाहनों पर न जानें क्यों यातायात पुलिस व परिवहन विभाग की नजर नहीं पड रही है। आज ऐसा ही एक ऑवरलोड ट्रक एक मासूम बच्ची समेत तीन लोगों की जिंदगी ले गया। हादसा नई मंडी थाना क्षेत्र में बाईपास स्थित रथेडी कट पर हुआ, जहां एक ऑवरलोड ट्रक कार पर पलट गया और कार सवार पूरा परिवार ट्रक के नीचे दब गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने ट्रक के नीचे दबी कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने के प्रयास किये, जो नाकाम रहे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मद्द से ट्रक को हटवाकर किसी प्रकार कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला, तब तक एक मासूम बच्ची व पति-पत्नी की मौत हो चुकी थी, जबकि दो लोग गम्भीर रूप से घायल थे, जिन्हें अस्पताल लाया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर के लिये रैफर कर दिया गया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि नोएडा की गार्डिनिया कालोनी निवासी राज बिहारी अवस्थी के दो पुत्र दीपक अवस्थी और आशीष अवस्थी अपने परिवार के साथ तीर्थ यात्रा हेतु हरिद्वार गये थे। आज रात यह परिवार अपनी कार में सवार होकर वापस नोएडा लौट रहा था, जैसे ही इन लोगों की कार नई मंडी थाना क्षेत्र में बाईपास पर रथेडी कट के निकट पहुंची और एक ट्रक को ऑवरटेक करने का प्रयास किया, तभी उक्त ऑवरलोड ट्रक अचानक उनकी कार पर पलट गया। ट्रक के कार पर पलटने से दीपक अवस्थी, उनकी प्रिया अवस्थी, एक वर्षीय केसरी अवस्थी, भाई आशीष अवस्थी व आशीष अवस्थी की पत्नी नुपूर अवस्थी कार में ही दबकर रह गये। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया, जो नाकाम रहा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को हटवाकर किसी प्रकार कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला, तब तक आशीष अवस्थी, उसकी पत्नी नुपूर अवस्थी व एक वर्षीय केसरी अवस्थी की मौत हो चुकी थी। गम्भीर रूप से घायल दीपक अवस्थी व उसकी पत्नी प्रिया अवस्थी को उपचार के लिये जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी नाजुक हालत के चलते उन्हें हायर सेंटर के लिये रैफर कर दिया गया। इस हादसे के बाद बाईपास पर जाम लग गया। पुलिस ने ट्रक व कार को सड़क से हटवाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है और हादसे का शिकार हुए परिवारजनों को इस दुखद हादसे की सूचना दे दी है।

दलितों का सम्मान भाजपा में सर्वोपरि: असीम अरुण

▶ हिस्सेदारी और सम्मान का आंकलन कर खतौली उपचुनाव में भाजपा का करें समर्थन

▶ सपा-रालोद गठबंधन की सरकार में रही गुण्डागर्दी, योगी ने किया राज्य अपराधमुक्त

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बु.)। प्रदेश समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के अध्यक्ष असीम अरुण ने कहा कि भाजपा में दलितों का सम्मान सर्वोपरि है। सरकार और संगठन दोनों में दलितों, वंचितों को पूरी हिस्सेदारी दी गई है। प्रधानमंत्री मोदी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार करने में जुटे हुए हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि दलितों के सम्मान से कोई सम-ौता नहीं होगा। मंत्री ने कहा कि यदि आप सभी इसी तरह गुण्डाराज से मुक्ति चाहते हैं, तो अपराधिक छवि वाले उम्मीदवार को हराने का काम करें। तिसंग गांव में आयोजित अनुसूचित जाति वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने संविधान दिवस पर डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने ही 1949 में वोट का अधिकार आम जनता को दिया था ताकि तमाम वर्गों को प्रतिनिधित्व मिल सके। विकसित माने जाने वाले अमेरिका में भी महिलाओं को 1960 में वोट का अधिकार मिल पाया था, जबकि भारत में पहले ही हर किसी को यह अधिकार दिया गया था। महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण भी बाबा साहेब की देन रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी बाबा साहेब के सामाजिक न्याय की यात्रा को साकार करने में लगे हुए हैं। अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराध और अपराधियों के खात्मे के लिए जो कड़े कदम उठाये हैं, उसी का परिणाम है कि खूंखार और खुद को बाहुबलि बताने वाले या तो स्वर्गवासी हो गये हैं या फिर जेलों में सजा काट रहे हैं। समाजवादी और रालोद ने ऐसे ही अपराधिक छवि वाले प्रत्याशी को उम्मीदवार बनाया है, जो गुण्डागर्दी का पर्याय रहा है। उन्होंने कहा कि खतौली उपचुनाव में हार से सरकार का कुछ बिगड़ने वाला नहीं है, लेकिन उसका संदेश गलत जायेगा। यदि आप सब सरकार की गुण्डा और अपराधमुक्त की नीति से खुश हैं तो भाजपा को वोट के साथ आपका सपोर्ट भी मिलना चाहिए। यदि आप अपराधिक छवि वाले को आगे बढ़ाने का काम करेंगे तो फिर से गुण्डागर्दी को बढ़ावा मिलेगा। राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि बहुजन समाज किसी का वोट बैंक बनकर न रह जाये, क्योंकि पहले कई दलों ने उनका वोट लेकर उनके साथ दगाबाजी की है। भाजपा ऐसा दल है जिसने दलितों को लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा, विधान परिषद् और संगठन में पूरी हिस्सेदारी दी है। दूसरा भाजपा विकास के एजेंडे पर काम करती है, उसी विकास के एजेंडे को लेकर खतौली उपचुनाव में उतरी है, यदि यहां से भाजपा उम्मीदवार राजकुमारी सैनी रिकार्ड मतों से जीतती है तो यह सीधे तौर पर भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर मुहर लगाने का काम करेगी। पीएम आदर्श गांवों में बनेंगे उत्सव धामः समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार ने वैसे तो तमाम वर्गों के कल्याण के लिए ढेर सारी योजनाएं लागू कर रखी हैं। हाल में ही अनुसूचित जाति के वो गांव जिन्हें प्रधानमंत्री आदर्श गांव में शामिल किया गया है, उनमें सामुदायिक केन्द्र यानि उत्सव धाम खोले जायेंगे। ताकि लोग उन उत्सव धामों का शादी, बर्थ डे पार्टी आदि पारिवारिक आयोजनों में निःशुल्क लाभ उठा सकेंगे। भाजपा विधायक देवेन्द्र निम, पूर्व विधायक जगत पाल सिंह, विधान परिषद् सदस्य अनूप गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला प्रभारी सतेन्द्र सिसौदिया, भाजपा के वरिष्ठ नेता यशपाल पंवार, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष रामकुमार सहरावत, जिलामंत्री राजू भैया (जानसठ), सुनील दर्शन, चमन वाल्मीकि, मनुप्रिय मजदूर, रोहिल वाल्मीकि, बिजेन्द्र पाल, अनूप वाल्मीकि, मोनिका सिंह क्षेत्रीय मंत्री, अनिल गोस्वामी, जानसठ भाजपा अध्यक्ष राजीव गुप्ता, अमित रावल आदि मौजूद रहे।

तिसंग में चुनावी जनसभा के दौरान मंत्री असीम अरुण को बाबा साहब का चित्र भेंट करते व माल्यार्पण कर स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो बुलेटिन

भाषण देने का मौका नहीं मिला तो रुठ गये उटवाल

मुजफ्फरनगर। तिसंग के अनुसूचित वर्ग सम्मेलन में पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल को वैसे तो मंच पर अग्रिम पंक्ति में स्थान दिया गया था, लेकिन उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया गया। आखिर में जब समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण बोल रहे थे तो पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल अपने समर्थकों के साथ मंच छोड़कर निकल गये। मंत्री कपिल देव के इशारे पर जिला प्रभारी सतेन्द्र सिसौदिया, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिद्धार्थ आदि उन्हें जैसे-तैसे सम-ा-बु-ाकर मंच पर वापस लाये। बाद में प्रमोद उटवाल से सभा का आभार जतवाकर समापन किया गया।

नल का नहीं, अब टंकी का है जमाना: यशवंत सिंह

मुजफ्फरनगर। पूर्व मंत्री यशवंत सिंह ने कहा कि अब नल का समय नहीं रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अब हर घर में टंकी लगाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और रालोद में तीन बार गठबंधन हुआ है और तीन बार ही टूटा है। घमंडियों की जमात के इस गठबंधन को जिले में कोई प्रत्याशी नहीं मिल पाया। लोनी से गुण्डागर्दी करने वालों को आपके बीच लाये हैं। उन्होंने आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने समाज के युवाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के अलावा कुछ और काम नहीं किया है, शायद वो भूल गये हैं कि २०२२ के विधानसभा चुनाव में वो सपा प्रमुख के सामने एक सीट के लिए गिड़गिड़ाये थे। पूर्व मंत्री ने बाबा साहेब को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने ही हम सभी को यह ताकत दी है कि अब राजा रानी के पेट से पैदा नहीं होगा। उन्हीं की बदौलत अब तमाम वर्गों को सरकार में प्रतिनिधित्व मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि विक्रम सैनी को दो साल की जगह १९ माह की भी सजा हो जाती तो उप चुनाव की परिस्थितियों से बचा जा सकता था।

नल को उखाड़कर पहुंचाना है पाकिस्तान: कपिल देव अग्रवाल

मुजफ्फरनगर। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि संविधान दिवस पर हम सभी को डॉ. भीमराव अंबेडकर के बताये रास्तों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकारों ने शानदार काम किया है। गरीबों को मकान, शौचालय और घर-घर अन्न पहुंचाया है। तेजी से युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सत्ता पाने के लिए विपक्ष नये सम-ौते और नये गठबंधन कर रहा है। रालोद ने ऐसा उम्मीदवार चुनाव में उतारा है जिसे इलाके के लोग न तो जानते हैं और न ही पहचानते हैं। न ही मतदाताओं ने उसका घर देखा है और न ही उसका मोबाइल नम्बर जानते हैं वैसे तो वो जीतने वाले नहीं है, लेकिन हारने के बाद भी वो ढूंढे भी नहीं मिलेंगे। उन्हें विश्वास हैं कि इलाके की जनता नल को उखाड़कर पाकिस्तान पहुंचाने का काम करेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी संभवतः ३० नवंबर को आप सभी के बीच आयेंगे।

अर्द्धनारीश्वर शिव प्रस्तुति के साथ शायोनी का सफर संपन्न

स्पिक मैके की कार्यशाला प्रस्तुति श्रृंखला के अंतिम दिन भरतनाट्यम नृत्यांगना चक्रबर्ती ने किया भाव-विभोर

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बुस.)। स्पिक मैके (सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इण्डियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चरल अमोंगस्ट यूथ), मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में 21 नवम्बर से चल रही कार्यशाला-प्रस्तुति (वर्कशॉप डेमोंस्ट्रेशन) श्रृंखला का जिला विद्यालय निरीक्षक गजेंद्र कुमार की उपस्थिति में आज भव्य समापन किया गया।

प्रतिभाशाली भरतनाट्यम नृत्यांगना शायोनी चक्रबर्ती ने आज गाँधी कॉलोनी एसडी कन्या व रोडवेज स्थित एसडी इंटर कॉलेजों में विद्यार्थियों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने गाँव के प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय तक स्पिक मैके के कार्यक्रम कराने का संकल्प दोहराया। स्पिक मैके द्वारा आयोजित शायोनी चक्रबर्ती ने एसडी कन्या विद्यालय में कृष्ण लीला पर दो रचनायें प्रस्तुत करते हुए दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। कुछ विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर भरतनाट्यम की बुनियादी क्रियाओं का अभ्यास कराते हुए उन्होंने दर्शकों को अहसास कराया कि किसी भी कला को वास्तव में कठिन साधना के बिना प्राप्त करना संभव नहीं होता। चार वर्ष की उम्र से प्रसिद्ध नृत्यांगना रमा वैद्यनाथन से दीक्षा ले रही शायोनी बेहद प्रतिभाशाली उदीयमान कलाकार हैं।

रोडवेज स्थित एस डी इंटर कॉलेज में शायोनी चक्रबर्ती ने अर्द्धनारीश्वर के सुन्दर स्वरूप की व्याख्या करते हुए बताया कि हर पुरुष के अंदर स्त्रीतत्व व हर स्त्री के अंदर पुरुषतत्व मौजूद होता है। अर्द्धनारीश्वर की कल्पना इसी पूर्णता की कल्पना है। शिव व पार्वती के विरोधाभासी तत्वों को दर्शाती प्रस्तुति देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। दूसरी प्रस्तुति में कृष्ण के मुख में यशोदा के विराट रूप के दर्शन कर दर्शक भी गदगद हो गये। कार्यक्रम के अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक गजेंद्र कुमार ने कहा कि वर्तमान में खंड-खंड हो रहे व्यक्तिगत व सामाजिक जीवन को केवल कलायें ही जोड़ सकती हैं। नयी पीढ़ी को स्पिक मैके के माध्यम से भारत की समृद्ध विरासत से जोड़ना हमारी आवश्यकता भी है और दायित्व भी। इस अवसर पर स्पिक मैके की ओर से राधामोहन तिवारी ने भरोसा दिलाया कि हमारी विरासत नयी पीढ़ी तक जरूर पहुँचेगी। एसडी कन्या की प्रधानाचार्या मोनिका कुमार व एसडी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सोहन पाल ने कलाकार व जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र कुमार के साथ दीप प्रज्ज्वलित किया तथा कलाकार को सम्मानित करने के साथ-साथ सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य सुमित्रा सिंह, विजय कुमार शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, कुसुमलता व दोनों विद्यालयों के प्रबंधन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। स्पिक मैके की ओर से भावना सिंघल, राहुल सेन, सागर बेनीवाल और हर्ष ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

फोटो बुलेटिन

स्पिक मैके की सांस्कृतिक विरासत की श्रृंखला में आयोजित कार्यक्रम की अंतिम बेला पर विभिन्न स्वरूप के साथ प्रस्तुति देती भरतनाट्यम नृत्यांगना शायोनी।

स्वास्थ्य सेवा में शामली को प्रदेश में मिली थर्ड रैंक

शामली, 26 नवम्बर (बु.)। हेल्थ रैंकिंग डैशबोर्ड की अक्तूबर 2022 की रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में तीसरा स्थान मिला है। यह गर्भवती पंजीकरण, गर्भवती जांच, नियमित टीकाकरण, टीबी नोटिफिकेशन सहित 15 संकेतकों पर अच्छा कार्य करने के लिए मिला। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय अग्रवाल ने बताया कि जनपद को अगस्त में सेकंड रैंक थी, जबकि सितंबर में यह गिरकर प्रदेश में 10वें स्थान पर चली गई थी। उन्होंने बताया यह रैंकिंग अक्तूबर के डाटा पर आधारित है। उन्होंने बताया कि जनपद की स्वास्थ्य विभाग टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इसकी बदौलत शामली का नाम प्रदेश की टॉप-थ्री रैंकिंग में शामिल हुआ। सभी संकेतकों में सुधार के लिए आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम की अहम भूमिका है। अक्तूबर माह की रैंकिंग में जनपद फिरोजाबाद प्रदेश में प्रथम और मुजफ्फरनगर द्वितीय स्थान पर आये हैं। इसी श्रृंखला में सहारनपुर मंडल ने प्रदेश के सभी 18 मण्डलों में प्रथम स्थान हासिल किया है।

संविधान दिवस पर हुई क्विज प्रतियोगिता

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बु.)। चौधरी छोटू राम महाविद्यालय में शनिवार को संविधान दिवस पर कृषि प्रसार विभाग द्वारा क्विज प्रतियोगिता कराई गई। महाविद्यालय प्राचार्य एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. नरेश कुमार मलिक ने छात्र-छात्राओं को संवैधानिक इतिहास, संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रवीश कुमार वर्मा ने महत्पूर्ण संवैधानिक अनुच्छेदों के बारे में छात्र छात्राओं को अवगत कराया। क्विज प्रतियोगिता में मुकुल लांबा प्रथम , मोहम्मद सादिक द्वितीय एवं अनुज कुमार तथा सरिता ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. जॉनी कुमार, डॉ. टेशू कुमार, सयोनी दास, डॉ. ऐश्वर्या, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. प्रेम कुमार मौजूद रहे।

गांव अटाली के अमित पाल के हत्यारे गिरफ्तार

3 बीघा भूमि को हुआ था संघर्ष

बुढ़ाना, 26 नवम्बर (बु.)। तीन बीघा जमीन पर कब्जा करने के विवाद में बलकटी, बल्लम व डंडों से पीटकर अटाली गांव के अमित पाल की हत्या करने वाले 4 हत्यारों को बुढ़ाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बीती शुक्रवार की सुबह अटाली में 3 बीघा जमीन को लेकर दो पक्षो में संघर्ष हो गया था, जिसमें एक युवक की हत्या और कई ग्रामीण घायल हो गए थे। बुढ़ाना कोतवाल ने शनिवार के दिन उक्त हत्यारों को गिरफ्तार करने के उद्देश्य से जाल बिछाया और मुखबिर की सूचना पर क्राइम इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार, बायवाला पुलिस चैकी प्रभारी सतेंद्र नागर, कांस्टेबल सनी कुमार, कांस्टेबल अनुज कुमार, कांस्टेबल राजीव कुमार व कांस्टेबल सत्यवीर सिंह के सहयोग से गांव कुरथल कट के पास यात्री शेड के नीचे खड़े 4 हत्यारों को उस समय दबोच लिया, जब वे हरियाणा प्रदेश की ओर जाने की फिराक में थे और बस की इंतजार में खड़े थे। पकड़े गये चारों हत्यारों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने अमित की हत्या में प्रयुक्त एक बलकटी, एक बल्लम और दो डंडे बरामद किये। पकड़े गए हत्यारों ने पूछताछ के दौरान अपने जुर्म को कबूल किया और अपने नाम आशीष पुत्र धर्मवीर कश्यप, कमल पुत्र बाबू, धर्मवीर पुत्र दिन्ना व अर्जुन पुत्र चन्द्रपाल सभी निवासीगण गांव अटाली कस्बा बुढ़ाना बताये।

कलेक्ट्रेट में उपवास

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बु.)। शनिवार को भारतीय मानव अधिकार संरक्षक संघ और संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति के तत्वावधान में सामूहिक उपवास कलक्ट्रेट में किया गया। कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय के सामने बेरोजगारी की समस्या का निदान करने की मांग की। संघ की राष्ट्रीय महासचिव मिथलेश गोयल ने कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच रह है। डॉ. राहिब आलमने कहा कि देश में अलग अलग विभागों में लगभग 60 लाख सरकारी पद खाली है। जिस पर सरकार

कुरालसी में लगे चिकित्सा शिविर में हुई जांच

135 लोगों ने उठाया लाभ

बुढ़ाना, 26 नवम्बर (बु.)। गांव कुरालसी में शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर समाजसेवी सुरेंद्र सिंह के घर पर लगाया गया। स्वास्थ्य शिविर में 135 मरीजों की जांच हुई। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन भाजपा नेता ठाकुर रामनाथ सिंह व डॉ. श्वेता सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस शिविर में मेरठ से आई बीएचएमएस व एमडी डॉ. श्वेता सिंह के साथ कई डॉक्टर और फार्मासिस्ट भी मौजूद रहे। डॉ. श्वेता सिंह ने बताया कि शिविर में अनेक तरह की बीमारियों से ग्रस्त मरीज आये हैं, जिसमें थायराइड की समस्या, जोड़ों में तकलीफ, डायबिटीज, फेफड़ों से सम्बंधित बीमारियां व सम्बंधित मरीज आये हैं। डॉ. श्वेता सिंह ने बुजुर्गों को बढ़ती सर्दी में बचाव के उपाय बताये। भाजपा नेता ठाकुर रामनाथ सिंह ने डॉ. श्वेता सिंह एवं उनके समस्त स्टाफ का इस पुण्य कार्य के लिए धन्यवाद दिया। शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाइयां दी गई।

ठाकुर रामनाथ सिंह ने बताया कि डॉ. श्वेता सिंह एमडी फिजिशियन हैं और कुरालसी गांव की मूल निवासी हैं एवं उनके द्वारा तीन माह में एक बार निःशुल्क शिविर का आयोजन इस गांव में किया जाता रहेगा। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह, मधूसुदन, सोनू मुखिया, सोनू भगतजी, अंकुर, राम गोपाल, सत्यपाल, यशपाल व प्रवेश मौजूद थे।

डीएस पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस पर विद्यार्थियों ने ली शपथ

विद्यार्थियों को संविधान निर्माण से जुड़े रोचक तथ्यों से कराया अवगत

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बु.)। डीएस पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस के अवसर पर विद्यालय में उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने संवैधानिक मूल्यों का पालन करने की शपथ ली।

स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों का पालन करने की शपथ दिलवाई। शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वे संविधान द्वारा स्थापित आदर्शों एवं मूल्यों का पालन करेंगे तथा देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेंगे। कार्यक्रम में स्कूल कोऑर्डिनेटर संदीप दीक्षित ने विद्यार्थियों को संविधान निर्माण से संबन्धित रोचक तथ्य बताएं। भारतीय संविधान 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अंगीकार किया गया था, जिसे 26 जनवरी 1950 से लागू किया गया। 26 नवंबर को संविधान अंगीकृत होने के कारण 26 नवंबर का दिन 2015 से प्रतिवर्ष संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के विषय में समझाया।

उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान भारत के प्रत्येक नागरिक को समानता का अधिकार देता है। उन्होंने इस अवसर पर देश की स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों सहित संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा प्रदत आजादी एवं संविधान निमार्ताओं द्वारा देश की एकता और अखंडता को संवैधानिक मूल्यों एवं आदर्शों द्वारा सुरक्षित रखने के जो साधन हमें प्रदान किए गए हैं, हमें उन पर गर्व होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यह भारतीय संविधान में अंकित प्रावधान ही हैं जिसके अनुसार आज हर भारतीय नागरिक को कहीं भी किसी भी विषय पर अपने विचारों को प्रस्तुत करने की आजादी। किसी भी धर्म संप्रदाय एवं पूजा पद्धति को मानकर उसके अनुसार आचरण करने की आजादी, कहीं भी घूमने फिरने रहने एवं भोजन की आजादी तथा अपने धर्म पंथ का प्रचार प्रसार करने की आजादी। शैक्षणिक संस्थान खोलने की आजादी सहित सभी को एक समान मौलिक अधिकार मिले हुए हैं।

संविधान दिवस पर अफसरों एवं कर्मियों को दिलाई शपथ

मुजफ्फरनगर, 26 नवंबर (बु.)। शनिवार को कलेक्ट्रेट में डीएम चंद्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में संविधान दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन लोकवाणी सभागार में किया गया, उक्त शपथ ग्रहण के दौरान कलैक्ट्रेट के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को देश के संविधान के अंतर्गत देश की सम्प्रभुता अखंडता और एकता को बनाए रखने और कार्य को सत्यनिष्ठा व ईमानदारी से महिलाओं का सम्मान एवं उनकी सुरक्षा आदि की शपथ दिलायी गयी। उक्त शपथ ग्रहण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट अनूप कुमार, उप जिलाधिकारी अशोक कुमार सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं समस्त पटल के बाबू व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके अलावा जनपदभर में विभिन्न सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं पुलिस कार्यालय, सामाजिक संगठनों एवं ब्लॉक स्तरीय सरकारी कार्यालयों पर भी संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में अफसरों व कर्मचारियों द्वारा संविधान की रक्षा के लिए शपथ ली गई।

हरिद्वार और मुजफ्फरनगर प्रशासन की संयुक्त बैठक में खतौली उपचुनाव की सुरक्षा को लेकर हुई चर्चा

बैठक में चुनाव को शांतिपूर्ण और सफलतापूर्ण संपन्न कराने को लेकर हुआ अफसरों में मंथन

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बु.)। कलेक्ट्रेट सभागार में खतौली उपचुनाव के दृष्टिगत एडीएम प्रशासन व उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में अन्तर्राज्यीय पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई, जिसमें पुलिस अधीक्षक देहात हरिद्वार स्वपन किशोर सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया कि समस्त रोड़वेज बसों को अलर्ट पर रखें एवं निर्देशित किया कि दिल्ली-हरिद्वार से किसी भी प्रकार की शराब तस्करी रोडवेज बसों के माध्यम से न की जाए। बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि प्राइवेट वाहनों के स्वामियों को चेतावनी जारी की जाये यदि उनके वाहनों का इस्तेमाल किसी असामाजिक गतिविधियों जैसे शराब तस्करी, नकदी इत्यादि की तस्करी में होने की संभावना के दृष्टिगत सतर्क रहें तथा बार्डर पर तलाशी अभियान तेज कर दिया जाए, जिससे उपचुनाव को शराब एवं नगदी आदि के माध्यम से प्रभावित ने किया जा सके। पुलिस अधीक्षक देहात, हरिद्वार ने आश्वस्त करते हुए कहा कि हरिद्वार जनपद से किसी भी प्रकार की ऐसी गतिविधियों को जो कि उपचुनाव को प्रभावित करें, पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी तथा दूसरे जनपदों से आने वाले वाहनों की भी सतत निगरानी रख जांच के बाद ही छोड़ा जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपराध मुजफ्फरनगर ने बताया कि जनपद के पांच अपराधी ऐसे है जिनका निवास स्थल जनपद हरिद्वार है।

अपराधिक दृष्टि से उनकी गतिविधियों पर ध्यान रखते हुए उनके विरुद्व कार्यवाही अमल में लायी जायें। बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर अर्पित विजयवर्गीय, अनूप कुमार नगर मजिस्ट्रेट, अपर उपजिलाधिकारी रुड़की, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, आबकारी अधिकारी, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार एवं अन्य खतौली उपचुनाव की व्यवस्था से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

फोटो बुलेटिन

लोकवाणी भवन कलेक्ट्रेट में आयोजित अंतर्राज्यीय मीटिंग में उपस्थित पुलिस व प्रशासनिक अफसर।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 26 नवंबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः-ढैया-1250, रसकट ढैया-940-970, चाकू 1040-1220, लड्डू 1100-1270, खुरपापाड़ 1060-1100, शक्कर मसाला 1280-1300। आमद-8,000 मन।

अरिहन्त ज्वैलर्स सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 26 नवंबर, (बु.)।
सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहेः-
सोना- 52,800 चांदी-61,500
सिक्का- 750 गिन्नी- 40,000

आपका आज का राशिफल

रविवार, 27 नवंबर, 2022

मेष- कार्यों में सफलता, स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, भौतिक सुख के साधन सुलभ, स्वयं का निर्णय हितकर, यात्रा सुखद, प्रसन्नता भी।
वृषभ- आज सायं 6/05 बजे तक प्रतिकूलता की स्थिति, व्यावसायिक हानि, मित्रों से तनाव, शेष समय में लाभ का मार्ग प्रशस्त, मित्रों से सहयोग, धन की प्राप्ति।
मिथुन- आज सायं 6/05 बजे तक समय बेहतर, निजी जिन्दगी में नवीन उपलब्धि, पारिवारिक खुशी, समय विपरीत, मेल-मिलाप में अरुचि, अनावश्यक भ्रमण।
कर्क- बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, आनन्द की अनुभूति, धर्म के प्रति अरुचि, नौकरी में पदोन्नति, जनसम्पर्क का सुयोग।
सिंह- महत्वपूर्ण कार्यों में अनुकूलता, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुयोग, प्रियजनों-मित्रों से सहयोग, किसी पुराने विवाद का समापन, वाहन-सुख।
कन्या- आज सायं 6/05 बजे तक पारिवारिक उलझनें, पठन-पाठन में अरुचि, अशांति, समय अनुकूल, विवाद का समापन, स्वाध्याय की ओर अभिरुचि।
तुला- आज सायं 6/05 बजे तक कुछेक कार्यों में सफलता, नवसम्पर्क का सुयोग, यात्रा सुखद, शेष समय में आर्थिक प्रगति में बाधा, प्रेम सम्बन्धों में कटुता।
वृश्चिक- बुद्धि-विवेक से संकल्पसिद्धि, व्यावसायिक दृष्टिकोण से समय लाभप्रद, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, धर्म के प्रति आस्था।
धनु- ग्रहयोग बेहतर, व्यापार में विस्तार, राजनीतिक क्रियाकलापों में वृद्धि, सहयोगियों से विचार-विमर्श, पारिवारिक खुशी, बकाए धन की प्राप्ति, यात्रा।
मकर- आज सायं 6/05 बजे तक कार्यों में अड़चनें, साझेदारी से व्यापार में हानि, उत्साह में कमी, शेष समय असन्तोषजनक, वैवाहिक जीवन सुखमय, प्रसन्नता।
कुम्भ- आज सायं 6/05 बजे तक योजना साकार होने की ओर, चित्त प्रफुल्लित, यश में वृद्धि, शेष समय में स्वाध्याय में व्यतिक्रम, किसी बात को लेकर चिन्तित।
मीन- कार्यों में सफलता, आर्थिक लाभ का सुयोग, निजी प्रतिभा का सदुपयोग, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, शुभ भावनाओं का उदय, आत्मिक शान्ति।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

सिद्ध पीठ मां काली धाम का वार्षिक उत्सव प्रारंभ

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बुस.)। सिद्ध पीठ मां काली धाम भोजाहेडी पुरकाजी का चौदहवां छह दिवसीय वार्षिक उत्सव पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना एवं कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस खाटू श्याम श्री महाकाल अखाड़ा के महामंडलेश्वर संजीव शंकर महाराज ने कहा कि मां काली को मशीनों की देवी कहा गया है, कलयुग की परिभाषा मशीनी युग की परिभाषा के रूप में ही कहीं गई है, अतः कलयुग में व्यक्ति के उत्थान के लिए, कल्याण के लिए व सद्गति के लिए काली की उपासना नितांत आवश्यक है। महाराज श्री ने कहा कि ब्रह्मलीन लीला राम अग्रवाल द्वारा स्थापित काली सिद्ध पीठ दुखों का हरण व सुखो की प्राप्ति के लिए सरल मार्ग सिद्ध हुई हैं, वर्तमान में सिद्ध पीठ की अध्यक्षा गुरु माता श्रीमती रेखा अग्रवाल ने सभी भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया पीठ के संचालक अंकित अग्रवाल ने बताया कि 28 नवंबर से अखंड यज्ञ प्रारंभ होगा जो 1 दिसंबर तक निर्विघ्न रुप से चलेगा। पूजन में मुख्य रूप से अंकित अग्रवाल, राधा अग्रवाल, आंचल त्यागी, शिवांश त्यागी, योगेंद्र चौधरी, बरसना देवी, राजा चौधरी, अर्जुन कुमार गाजियाबाद, अशोक सैनी, अर्जुन गर्ग खतौली, सुभाष शर्मा, सुनील त्यागी, दीपांशु अग्रवाल, अभिषेक शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे। वही पंडित सीताराम त्रिपाठी, पंडित अखिलेश मिश्रा इत्यादि विद्वान ब्राह्मणों द्वारा पूजन संपन्न कराया गया।

मां काली का सुन्दर स्वरूप तथा कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुगण।

श्रीराम कॉलेज में दो दिवसीय दुग्ध उत्पाद विषय पर आयोजित सेमिनार का समापन

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बु.)। दुग्ध उत्पादों के निर्माण के लिए उन्नत दृष्टिकोण विषय पर चल रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. विजय कुमार डीन फैक्लटी ऑफ एग्रिकल्चर मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ. वीरपाल सिंह, सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय मेरठ तथा डॉ. मूलचंद पाल सीनियर वेटनरी ऑफिसर मोरना, डॉ. आलोक गुप्ता, श्रीराम ग्रुप आफ कालेजेज के चेयरमैन डॉ. एस सी कुलश्रेष्ठ, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार, विभाग के अध्यक्ष डॉ. नईम एवं गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. श्वेता राठी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। डॉ. वीरपाल सिंह सरदार वल्लभभाई पटेल एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी मोदीपुरम लाइवस्टोक प्रोडक्शन मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष ने बताया कि दूध में सबसे ज्यादा पानी वसा प्रोटीन कैल्शियम आदि घटक पाए जाते हैं।

सेमिनार के दौरान अलग अलग प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्रताप करने वालो में आशीष, साकेत कार्निक, रीचा भारती, पूजा कुमारी), पलक, प्रियंका, मुस्कान राज, पलक कुमारी, जबकि होम साइंस विभाग से परवीन और ज्योति सिरोही को उनकी विशेष श्रेणी में किए गए प्रदर्शन के आधार पर प्रथम पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में 263 शोधकर्ताओं ने भाग लिया।

एसडी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना संविधान दिवस

अंबेडकर को नमन... विद्यार्थियों ने भाषण में बताया संविधान का महत्व, भीमराव के योगदान को भी किया याद

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बु.)। पटेल नगर स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में शनिवार को संविधान दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की डायरेक्टर चंचल सक्सेना तथा प्रधानाचार्या अनीता दत्ता ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

कक्षा-8 के छात्र शौर्य तथा 11वीं कक्षा की नन्दनी ने अपने भाषण में डॉ. अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राष्ट्र की एकता एवं अखंडता में डॉ. भीमराव अंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कक्षा 9वीं के पुष्कर और 12वीं की गुंचा ने सुंदर कविता पाठ किया। विद्यार्थियों ने संविधान के आर्टिकल्स पर आधारित गीत गाकर जानकारी दी। नन्हे-मुन्ने छात्रों ने लघु नाटिका की प्रस्तुति द्वारा उपस्थितजनों को मौलिक अधिकारों की जानकारी दी, जिसमें समानता, स्वतंत्रता आदि के अधिकार, संविधान का पालन व उसके आदर्शों, राष्ट्रध्वज, राष्ट्रीय गान एवं सम्मान इत्यादि कर्तव्यों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत कक्षा 8 के छात्र वैदिक ने डॉ. अम्बेडकर की वेशभूषा धारण कर मौलिक अधिकारों के विषय में जानकारी दी। कक्षा 9 व 10वीं के विद्यार्थियों ने वाद विवाद प्रतियोगिता का मंचन किया। यह सीनियर विंग की इंचार्ज कुमुद गार्गी की देखरेख में सम्पन्न हुई। कक्षा 11वीं के अमन और सृष्टि द्वारा प्रस्तावना का पाठन सभी छात्रों एवं शिक्षकों को भी कराया गया तथा 11वीं की छात्रा सोम्या द्वारा स्वरचित कविता प्रस्तुत की गई। डायरेक्टर चंचल सक्सेना तथा प्रधानाचार्या अनीता दत्ता ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर गीता मित्तल इंचार्ज मिडिल विंग का भी सहयोग रहा। सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल संयोजन एक्टिविटी इंचार्ज नुपुर गुप्ता, जसवीर, रितु सैनी द्वारा किया गया। रीता जैन, मनीषा गोयल, सुरभि पोपली, मोनिका गोयल, पल्लवी तोमर, इरम तथा अल्पना धीमान का भी योगदान रहा।

फोटो बुलेटिन

एसडी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी एवं शिक्षक व शिक्षिकाएं।

अंबेडकर युवा मंच कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बु.)। शनिवार को डीएम कार्यालय पहुंच अंबेडकर युवा मंच के कार्यकर्ताओं ने संविधान दिवस पर दलितों के संसद भवन के खिलाफ हो रहे उत्पीड़न पर आक्रोश प्रकट करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान मंच कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रपति के नाम दिए ज्ञापन में नये संसद भवन का नाम डॉ. अम्बेडकर के नाम पर किए जाने की मांग की।

शनिवार को डीएम कार्यालय पहुंचे अंबेडकर युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष राधेश पप्पू के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंच तमाम कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को सौंप ज्ञापन में संविधान दिवस के उपलक्ष में नवनिर्मित संसद भवन का नाम बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के नाम पर किए जाने की मांग के साथ देश की आजादी के बाद से अनुसूचित जाति के लोगों पर बढ़ रहे अत्याचार और उत्पीड़न घटनाओं को लेकर आक्रोश जताया। राधेश पप्पू ने कहा कि देश में दलितों के खिलाफ उत्पीड़न के मामलों की विवेचना सीओ स्तर के अधिकारी करते हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में आरोपियों से साठगांठ करते हुए ऐसे लोगों को क्लीन चिट देकर निर्दोष साबित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि जनपद स्तर पर विशेष थाने खोलकर अनुसूचित जाति के मामलों की सुनवाई की जाये।

वहीं दूसरी ओर मंच ने सरकारी कार्यालयों में रिक्त पदों पर आरक्षण व्यवस्था के तहत भर्ती करने, निजी क्षेत्र की नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था लागू करने को कानून बनाने, पिछड़ी जातियों को एससी वर्ग में शामिल करने के प्रयास की निंदा करते हुए इन्हें रोकने, न्यायालयों में एडीजीसी की नियुक्ति में एससी वर्ग को आरक्षण का लाभ देने की मांग की। डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से अरविन्द्र मौर्य, सत्यपाल सिंह एडवोकेट, हरपाल सिंह, संजय कुमार, चन्द्रपाल सिंह, प्रदीप कुमार एडवोकेट आदि शामिल रहे।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी सम्पादिका- श्रीमति पूजा दुआ
☎, (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन-9368549219 (नि.)7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

1973-2022

सम्पादक की कलम से

श्रीराम मंदिर पर सीरीज

आने वाले कुछ समय में श्री राम जन्मभूमि पर एक फिल्म जैसी सीरीज बनेगी, जिसे दूरदर्शन पर दिखाया जाएगा। राम मंदिर ट्रस्ट भगवान श्री राम की जन्मभूमि के इतिहास पर आधारित सीरीज बनाएगा। सीरीज में अमिताभ बच्चन अपनी आवाज दे सकते हैं। ट्रस्ट ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि हमने अमिताभ बच्चन से सीरीज में उनकी आवाज देने की अपील की है। राम मंदिर ट्रस्ट कमेटी के चेयरपर्सन नृपेंद्र मिश्रा ने बताया, सीरीज निर्माण को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में म्यूजिक कंपोजर और फिल्म सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी और इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट्स के सचिव सच्चिदानंद जोशी और राइटर यतींद्र मिश्र शामिल हैं। मंदिर निर्माण का कार्य जोरों पर है। मंदिर निर्माण का लगभग 20 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। श्री राम मंदिर निर्माण पर बनने वाली यह एक नॉन फीचर सीरीज है। इसमें कुल 6 से 8 एपिसोड्स होंगे, जो कि 40- 40 मिनट के होंगे। सीरीज को पहले दूरदर्शन पर रिलीज किया जाएगा, इसके बाद इसे दूसरे प्लैटफॉर्म पर भी रिलीज किया जाएगा। राम मंदिर को अगले साल दिसंबर 2023 में श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा। सीरीज भी उसी समय रिलीज की जा सकती है। मेकर्स इसे 1980 में आई रामायण और महाभारत धारावाहिक की तरह ही भव्य स्तर पर तैयार करना चाहते हैं। इस सीरीज में न केवल मंदिर निर्माण बल्कि 2019 से पहले हुए अयोध्या विवाद से लेकर सुप्रीम कोर्ट के अंतिम फैसले तक, सभी पहलुओं को अच्छी तरह से दिखाया जाएगा। सीरीज में ऐसे एक्टर्स शामिल हो सकते हैं, जो इंडोनेशिया और मॉरीशस जैसे देशों में रामलीला में कोई न कोई किरदार निबाहते हैं। सीरीज का टाइटल "राम अर्पण" रखा गया है, लेकिन अभी तक यह नाम फाइनल नहीं है। सीरीज इन दिनों स्क्रीन राइटिंग स्टेज पर है। राम मंदिर के निर्माण स्थल पर कैमरे लगाए गए हैं, जिससे लोग राम मंदिर के भव्य निर्माण को होते हुए देख सकें। इसके अलावा मंदिर आंदोलन में जुड़े प्रमुख लोगों का इंटरव्यू भी लिया जा रहा है, जिससे लोग उनके बारे में जान सकें। मंदिर की एक विशेष बात यह बताई जा रही है कि रामनवमी के दिन 12 बजे दोपहर में सूर्य की किरणें सीधे भगवान श्री राम के मस्तक पर पड़ेंगी। इस भव्य निर्माण के लिए रुड़की की सीएसआईआर, सीडीआरआई, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रॉफिजिक्स, आईयूसीएए और मंदिर के आर्किटेक्ट मंदिर का डिजाइन तैयार करने में जुटे हुए है। निर्माण कार्य की एरियल तस्वीरें समय-समय पर जारी की जा रही हैं। इन तस्वीरों में भगवान श्री राम को समर्पित मंदिर के निर्माण कार्य को देखा जा सकता है। अभी जो तस्वीरें जारी हुई हैं, उनमें 6.5 मीटर की ऊंचाई तक उठाए गए प्लिंथ के साथ प्रबलित कंक्रीट आधार की तस्वीर भी सामने आई हैं। प्लिंथ को ऊपर उठाने के लिए, कर्नाटक और तेलंगाना से पत्थर के ग्रेनाइट ब्लॉक का इस्तेमाल किया गया है। एक ब्लॉक की लंबाई 5 फीट, चौड़ाई 3.5 फीट और ऊंचाई 3 फीट है। ऐसे 17,000 से अधिक ब्लॉकों का उपयोग किया जाएगा। राम मंदिर के निर्माण में राजस्थान के गुलाबी बलुआ पत्थर का उपयोग किया जा रहा है। लगभग 4.70 लाख क्यूबिक फीट के नक्काशीदार पत्थर के इस्तेमाल से मंदिर की खूबसूरती और निखरकर सामने आएगी। इसके गर्भगृह क्षेत्र के अंदर राजस्थान की मकराना पहाड़ियों के सफेद मार्बल का उपयोग किया जाएगा। गर्भगृह में सफेद संगमरमर के चौखट के अगले भाग को सुंदर तरीके से उकेरा जाएगा, जिसमें शंख, भगवान विष्णु का प्रतीक, दोनों तरफ के पत्थरों पर उभरा होगा। राम मंदिर परिसर के 70 एकड़ क्षेत्र को बढ़ाने के लिए, ट्रस्ट परिसर से जुड़ी जमीनों को भी खरीदने की तैयारी कर रहा है। जहां मंदिर स्थल की खुदाई के दौरान कई पुरावशेष मिले थे। इन्हें जिस जमीन पर रखा गया है, वह सरकारी ज़मीन है। करीब 3 एकड़ की इस जमीन को ट्रस्ट सरकार से खरीदने का प्रस्ताव तैयार कर रहा है। यह जमीन ट्रस्ट को मिल जाएगी, तो यहां राम मंदिर से जुड़े पुरावशेषों व प्रभु राम से जुड़ी दुर्लभ व ऐतिहासिक वस्तुओं के संग्रहालय का निर्माण करवाया जाएगा। इस समय करीब 80 एकड़ जमीन मंदिर ट्रस्ट के पास हो गई है। इसमें मंदिर ट्रस्ट के खरीदे गए मंदिरों व अन्य स्थलों की जमीनें भी शामिल है। राम जन्मभूमि पथ 570 मीटर लंबा है। इसकी चौड़ाई बढ़ाने के लिए जमीन की कमी थी। अमावां मंदिर से 20 फुट चौड़ी जमीन की मांग की जा रही थी। हालांकि अमावां मंदिर के प्रबंधक व पटना के महावीर मंदिर ट्रस्ट से इस पर सहमति नहीं बन सकी है, हालांकि अमावां मंदिर ट्रस्ट राम मंदिर में पूरा सहयोग कर रहा है। इसी क्रम में करीब 10 करोड़ रुपये का दान भी राम मंदिर को दिया गया है। अमावां मंदिर से जमीन न मिलने पर अब वैकल्पिक मार्ग बनाने पर विचार किया जा रहा है। गर्भगृह गुड मंडप व रंग मंडप के दीवारों के कार्य जो लगभग पूरे हो गए हैं, उसके साथ ही नीचे से पत्थरों की शिलाएं भी लग चुकी हैं, दीवारों के बीच लगाई जाने वाले पिलर इसमें नहीं होता है, वह तीन या चार पीस में होता है नीचे पिलर के बेस के पत्थर लग चुके हैं और अब ऊपरी हिस्से के पत्थर लगना प्रारंभ हो गया है। मंदिर के भूतल में लगने वाले पिलर के बेस में 75 प्रतिशत पत्थरों को लगाए जाने का कार्य पूरा हो गया है। और अब ऊपर के पत्थर लगाए जा रहे हैं। थोड़े ही दिनों में यह सभी पिलर ऊपर तक दिखाई देंगे। यह मंदिर निर्माण की एक शैली है, जिसके अनुसार पत्थरों को जोड़कर मंदिर का एक स्वरूप प्रदान करते हैं। उसके बाद 20 फुट ऊंचा भूतल के ऊपर छत लगाए जाने का कार्य किया जाएगा। राम मंदिर के निर्माण के लिए अयोध्या के रामघाट स्थित दो कार्यशालाओं और राजस्थान की कार्यशालाओं में पत्थर की तराशी का काम चलता रहा है' इन स्थानों से तराशे गए पत्थर मंदिर निर्माण स्थल पर पहुंचा दिए गए हैं' इसके बाद गर्भगृह की बाहरी दीवार में इनको लगाया जा रहा है। गर्भगृह के अंदर सफेद संगमरमर के पिलर्स लगाए गए हैं। रामलला मंदिर गर्भगृह अष्ट कोणीय बन रहा है।

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"वाणी" "सम्मान" "व्यक्ति" "पहचान"

वाणी से सम्मान है, वाणी से अपमान।
व्यक्ति के व्यक्तित्व की वाणी से पहचान।।
दूजों की पीड़ा हरो जिससे हो कल्याण।
अपना दु:ख मन में रखो, मुख पर हो मुस्कान।।

पहले गन्ना तुलवाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

रामराज, 26 नवम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के चुहापुर-फरीदपुर गन्ना क्रय केंद्र पर पहले गन्ना तुलवाने को लेकर किसानों के दो पक्षो में मारपीट हो गयी। मारपीट में किसानों को मामूली चोट आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के 4 लोगों का शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया है। रामराज थाना क्षेत्र के गाँव हुसैनपुर निवासी विकास पुत्र रामपाल तथा कुलविंदर पुत्र जीत सिंह गांव चुहापुर के गन्ना तौल केंद्र पर गन्ना तुलवाने गए थे, तभी वहां पर गांव हुसैनपुर निवासी ही भगत सिंह पुत्र तेज सिंह तथा सचिन पुत्र भगत सिंह भी अपना गन्ना तुलवाने आ गए। पहले गन्ना तुलवाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया तथा बाद में मारपीट हो गयी। मारपीट में दोनों पक्षो के किसान मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर रामराज थाना पुलिस मौके पर पहुँची तथा दोनों पक्षों के चारों लोगों को थाने ले आयी। थाना पुलिस ने चारों लोगो का शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया है।

"सुरक्षा निरोगता का सर्वोत्तम साधन है" : डॉ. एम.एल. गर्ग

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बुस.)। तेजी से फैल रहे उद्योगी करण नित्य निरंतर तेज गति से चलने वाले विभिन्न प्रकार के वाहनों से निकलने वाले धुंए और विभिन्न प्रकार की वस्तुओं पराली को जलाने से पैदा होने वाली कई प्रकार की गैस तथा मौसम के बदलाव पर होने वाले वायुमंडलीय प्रभाव से मानव शरीर में बहुत सूक्ष्म रूप वाले वायु कणों का प्रवेश तेजी से होता है और उनके प्रभाव से विभिन्न प्रकार के छाती रोग पैदा होते हैं, जिससे बचाव के अनेक प्रकार के प्रभावी औषधि उपलब्ध होने के बावजूद भी अपने विवेक से कार्य करना सावधानीपूर्वक योग प्राणायाम प्रात: भ्रमण करना और शरीर को ढककर मास का प्रयोग करें। घूमना ही निरोगता का सर्वोत्तम साधन है, यह विचार जनपद के प्रमुख छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. एमएल गर्ग ने गत दिवस स्थानीय महफिल रेस्टोरेंट में गुडविल सोसायटी द्वारा प्रदूषण का छाती रोग पर प्रभाव विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में गुडविल सोसायटी के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने अपनी गुडविल सोसायटी टीम के साथ पटका पहनाकर पुष्पहार एवं सम्मान प्रतीक देकर डॉ. एमएल गर्ग का सम्मान किया तथा सचिव होतीलाल शर्मा ने सोसायटी के कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला और गत माह संपन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की छाती रोगों पर प्रदूषण के प्रभाव गोष्ठी में ए.के. अग्रवाल, अनिल, गोपाल गर्ग, अवनीश, मोहन तायल, बीएम गुप्ता, बोहरनलाल, बृजमोहन, संयोजक डॉ. विवेक कुमार, कमल गोयल, एलके मित्तल, लोकेश चंद्रा इंजीनियर, मधुसूदन गर्ग, एडवोकेट मनीष भाटिया, मनोज जैन एलजी वाले, मुकुल दुआ, डॉ. मुकेश अरोरा, मोहनलाल, राजेंद्र साहनी, कोषाध्यक्ष रामकुमार तायल, कृष्ण कुमार बंसल, आशुतोष शर्मा सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संयोजक डॉ विवेक कुमार ने सब के प्रति आभार व्यक्त किया।

एस.डी. ग्लोबल स्कूल में की गई युवा टूरिज्म क्लब की स्थापना

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बुस.)। 'आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के एक भाग के रूप में पर्यटन मंत्रालय क्लबों की स्थापना की जा रही है। मुख्य बिंदु भारतीय पर्यटन क्षेत्र के युवा एम्बेस्डर्स को विकसित करना जो भारत में पर्यटन की संभावनाओ के बारे में जागरूक होंगे। भारत की समृद्ध सास्कृतिक विरासत की सराहना करेगें और पर्यटन के लिए एक जुनून को प्रज्वलित करेंगे। क्लब शिक्षार्थियों को पर्यटन के महत्व की सराहना करने, यात्रा के तत्वों के बारे में शिक्षार्थियों की संवेदनशील बनाने और जिम्मेदार और टिकाऊ पर्यटन प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करेगे। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने युवा पर्यटन क्लबों की पहल का समर्थन करने का संकल्प लिया है। एस.डी. ग्लोबल स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता,निबन्ध प्रतियोगिता व वाद-विवाद प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें उन्होंने टूरिज्म क्लब पर अपने विचार प्रस्तुत किए व कुछ छात्रों ने पोस्टर बनाकर अपने विचारों को रखा। स्कूल के निर्देशक डॉ. सिद्दार्थ शर्मा ने कहा कि स्कूलों को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत गतिविधियों को शामिल करने का सुझाव दिया जाता है। जैसे ई-पर्यटन, युग्मित राज्यों की भाषा सीखना विविधत के संपर्क में रहना, पर्यटन हॉटस्पॉट को अपनाना चाहिए। स्कूल की प्रधानाचार्या अनु मलिक ने कहा कि युवा टूरिज्म क्लब उदेश्य जागरूकता पैदा करने, क्लबों के उद्देश्य को संप्रेषित करने, छात्र निकाय का चयन करने आदि जैसे कार्य करेंगे व बताया कि युवा पर्यटन क्लब में कम से कम 25 छात्र युवा टूरिज्म क्लब के सदस्य बने। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीति गोयल (संयोजक), रवि (संयोजक), निशा, ईशा शर्मा, रूपा, श्वेता राजपूत, दीपावली, श्वेता जैन, दीपिका, मोनिका वर्मा, अमिता, रूचि, सोनिका शर्मा, अभिलाषा, सागर, रवि कुमार, सुमित गुप्ता, अरविन्द, सुभाष, अंकित, आदेश आदि का सहयोग रहा।

बीएलओ को डीएम ने लगाई फटकार

-डीएम ने पोलिंग बूथ व स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण
-पुनरीक्षण कार्य में पर्याप्त फार्म रखने के दिए निर्देश

कैराना, 26 नवम्बर (बु.)। नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज में डीएम ने पोलिंग बूथ व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुनरीक्षण कार्य में लगे बीएलओ के पास पर्याप्त फॉर्म नहीं मिलने पर कड़ी फटकार लगाई। डीएम ने तमाम व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

शनिवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर नगर के शामली रोड पर स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज में पहुंची, जहां उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण/मतदाता (वोटर) पंजीकरण कार्यक्रम को लेकर बूथों पर लगे विशेष शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान बीएलओ से मतदाता नामावली में नए मतदाताओं का पंजीकरण, त्रुटियां दुरुस्त करने और मृतकों के नाम हटाने के सम्बंध में जानकारी हासिल की। यहां बीएलओ के पास में संबंधित फॉर्म कम संख्या में पाए गए, जिस पर डीएम ने इसे लापरवाही मानते हुए कड़ी नाराजगी जताई और बीएलओ को फटकार लगाई। उन्होंने निर्देशित किया कि पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मतदाता नामावली में नए मतदाता शामिल होने से वंचित न रहे, इसमें 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके युवाओं के नाम ही जुड़ने चाहिएं। उन्होंने शिविर में आवेदकों की संख्या के बारे में भी जानकारी की लेकिन, बीएलओ ने बताया कि यहां सुबह से एक भी आवेदक नहीं पहुंचा है। इसके अलावा डीएम ने कॉलेज में निकाय चुनाव को लेकर बनाए जाने वाले कैराना व कांधला नगरपालिका के स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम के भवन की हालत देखते हुए उसके निर्माण के बारे में जानकारी की, जिस पर बताया गया कि भवन का निर्माण वर्ष 1946 में हुआ था। उन्होंने मतगणना से पूर्व ही पेयजल, प्रकाश व साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। वहीं, डीएम द्वारा कॉलेज में मतदेय स्थलों के बारे में भी जानकारी करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को तमाम तैयारियां समय से पूर्व ही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उधर, एसडीएम शिवप्रकाश यादव ने भी पब्लिक इंटर कॉलेज सहित क्षेत्र में बूथों का निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

टिकौला शुगर मिल ने 19 करोड़ 24 लाख का भुगतान किया

रामराज, 26 नवम्बर (बु.)। क्षेत्र की टिकौला शुगर मिल ने पेराई सत्र की शुरूआत करने के बाद सर्वप्रथम दूसरा भुगतान कर रिकार्ड बना लिया है।

रामराज क्षेत्र की टिकौला शुगर मिल हर वर्ष किसानों से खरीदे गए गन्ने का समय से सम्पूर्ण भुगतान कर रिकार्ड बनाये हुए है तथा टिकौला शुगर मिल ने इस वर्ष भी पेराई सत्र 2022-23 का जिले में सर्वप्रथम दूसरा भुगतान कर मिल ने नया रिकॉर्ड बना लिया है।

टिकौला शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष एम.सी. शर्मा ने बताया कि शुगर मिल ने 6 नवम्बर से किसानों से गन्ना खरीदना शुरू कर पेराई सत्र 2022-23 की शुरूआत की थी, वहीं अब टिकौला शुगर मिल ने किसानों का हित देखते हुए दिनांक 12 नवम्बर से 18 नवम्बर तक किसानों से खरीदे गये गन्ने का उन्नीस करोड़ चौबीस लाख रुपए का दूसरा भुगतान समितियों व बैंकों के माध्यम से किसानों को कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी किसान अपनी-अपनी सबंधित समितियों व बैंकों के माध्यम से भुगतान प्राप्त कर सकते हैं।

गोल्डन पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस समारोह का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बुस.)।पचेण्डा रोड स्थित गोल्डन पब्लिक स्कूल में आज संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को संविधान के मूल्यों को बताते हुए संवैधानिक सिद्धांतों को दृढ़तापूर्वक अवस्थित करने का आह्वान किया गया। छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को संविधान की प्रस्तावना का पाठ करवाया गया, जिससे वे संविधान में प्रदत्त कर्तव्यों और अधिकारों को अवगत कर सकें तथा भारत के समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, प्रजातांत्रिक गणतंत्र के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाहन कर सकें और संवैधानिक मूल्यों सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, न्यायिक तथा वैचारिक धार्मिक स्वतंत्रता तथा हर क्षेत्र में स्थिति तथा अवसर की समानता तथा आपसी बंधुत्व तथा सौहार्द की भावना को बढ़ावा दें, जिससे कि राष्ट्र की एकता एवं संप्रभुता सुनिश्चित हो सके। संविधान सभा ने 26 जनवरी 1949 को देशवासियों को इस संविधान को अंगीकृत, इसका कार्यान्वयन, तथा इसे सभी देशवासियों को समर्पित किया। विद्यालय के सभागार में एतदर्थ एक सभा का आयोजन किया गया। संविधान की मूल भावना के अलावा भारत जैसे सांस्कृतिक विविधता से भरे सामाजिक वातावरण में इसकी महती आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।

जहर देकर भैंस की हत्या की जताई आशंका

भोपा, 26 नवम्बर (बु.)। ककरौली गांव निवासी प्रवेज ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर उसकी दुधारू भैंस खुले में बंधी हुई थी कि दोपहर बाद उसके मुंह से सफेद झाग आने लगे। चिकित्सक ने बताया भैंस को जहर दिया गया है। रात के समय भैंस की मौत हो गयी। प्रवेज ने बताया कि उसने भैंस को 90 हजार में खरीदा था। प्रवेज ने थाना ककरौली पर भैंस की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर भैंस का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। पिछले दो वर्षो से ककरौली व क्षेत्र के गांव टंढेड़ा, बेहड़ा सादात, चौराबाला आदि में सैंकड़ों पशुओं की हत्या जहर देकर की जा चुकी है। दो सप्ताह पूर्व गांव जड़वड़ में भैंस को जहर खिलाते हुए एक व्यक्ति को देखा गया था, जिसे पकड़ने का प्रयास किया गया था, किन्तु संदिग्ध अपना बैग छोड़कर फरार हो गया था। पशुपालकों ने जहरखुरानी गैंग को पकड़ने की मांग पुलिस से की है।

एसडी फार्मेसी में हुआ गोष्ठी का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बुस.)। भोपा रोड़ स्थित एसडी कॉलेज ऑफ फामेर्सी एण्ड वोकेशनल स्टडीज में संविधान दिवस के अवसर पर कॉलेज सभागार में बी-फार्मा, डी-फार्मा छात्रों के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज निदेशक डॉ. अरविन्द कुमार व अन्य पदाधिकारियों ने शिरकत करते हुए संविधान दिवस मनाने के उद्देश्यों व भारतीय संविधान की खूबसूरती पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर कॉलेज के छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कॉलेज निदेशक डॉ. अरविन्द कुमार ने बताया कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे लम्बा लिखित संविधान है। इसके कई हिस्से अनेक देशों के संविधान से लिए गये है। इसमें देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, सरकार की भूमिका, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री की शक्तियों का वर्णन किया गया है। विधान पालिका, कार्यपालिका और न्याय पालिका की भूमिका और उनके कार्यो का विवरण भारतीय संविधान में वर्णित है। रोहित कुमार ने संविधान निमार्ता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को देश और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को नमन करते हुए भारतीय संविधान की उद्देषिका का भाति-भांति वर्णिन किया। इस अवसर पर छात्रों की तरफ से भी संवादो का आदान-प्रदान हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कालेज के सभी पदाधिकारीगण एवं प्रवक्ता डॉ. सौरव घोष, डॉ. वैशाली सिंह, विमल कुमार भारती, पल्लवी, राबिया, पोपिन कुमार, कुलदीप सैनी, बसन्त कुमार, रश्मि, लौजू जैन, संध्या गर्ग, रवि कुमार, मिनाता, अनुराग, सुनीता, हिमांशु पाल, वैष्णों, विवेक, अतुल गुप्ता, सना जैदी, सुबोध कुमार, सोनू कुमार, रोहित कुमार, विनय कुमार, आरिफ, विकास कुमार, राहुल कुमार, अंकित, वरूण, भावना, अश्वनी आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।

उधारी पर महिला से मारपीट

कैराना, 26 नवम्बर (बु.)। गांव भूरा निवासी जनूबा ने शनिवार को कोतवाली में एसपी को पत्र देते हुए बताया कि दो वर्ष पूर्व व्यक्ति ने उससे 30 हजार रुपये उधार लिए थे।

आरोप है कि उधारी के रुपये मांगने पर बीते एक अक्टूबर को उसके साथ में मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की तहरीर पर एसपी ने जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

दिव्यांग बच्चों ने दिखायी अपनी प्रतिभा

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बुस.)। दिव्यांग बच्चों की सदर तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र मुजफ्फरनगर में विभिन्न प्रकार की क्रीडा-प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी ज्योति प्रकाश तिवारी एवं सुशील कुमार जिला समन्वयक समेकित शिक्षा द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर-के किया गया।

उन्होंने कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चों को सहानुभूति की नहीं सहयोग की आवश्यकता है। इन बच्चों को अभिभावक घर से बाहर निकालकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में अपना सहयोग प्रदान करें। दिव्यांग बच्चों के बीच हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं मे निम्न बच्चें विजेता रहे। शारीरिक दिव्यांग बच्चों की दौड़ बालक वर्ग में विवेक चरथावल ने प्रथम, आशू सदर ने द्वितीय तथा शोएब चरथावल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में लक्ष्मी सदर ने प्रथम, पूर्वी सदर ने द्वितीय तथा बक्शा बघरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मानसिक दिव्यांग बच्चों की जूनियर वर्ग की 50 मीटर दौड़ में जीशन सदर ने प्रथम, अलीना नगर सदर ने द्वितीय, सूजल सदर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, बालिकाओं की 50 मीटर दौड़ में शैली बर्मन नगर सदर ने प्रथम सुमन ने द्वितीय, वर्णिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मूक बधिर बच्चों की बालकों की म्यूजिकल कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में रजनीश ने प्रथम विवेक ने द्वितीय तथा शिवम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मूक बधिर बच्चों की बालिकाओं की म्यूजिकल कुर्सी दौड प्रतियोगिता में बुशरा ने प्रथम, मतिका ने द्वितीय तथा वर्णिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में जीशान (सदर) ने प्रथम, अलीना ने द्वितीय ने तथा सूजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन खण्ड शिक्षा अधिकारी ज्योति प्रकाश तिवारी एवं सुशील कुमार जिला समन्वयक समेकित शिक्षा द्वारा संयुक्त रूप से बच्चों को पुरस्कार वितरण कर किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ज्योति प्रकाश तिवारी द्वारा अपने सम्बोधन में बच्चों के अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को समान रूप से पर्याप्त अवसर देना चाहिए, जिससे कि वे भी सामान्य बच्चों की तरह जीवन जी सकें। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक संजीव कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला ब्लाकों में कार्यरत स्पेशल एजुकेटर आदित्य प्रकाश, रेनू, धर्मेन्द्र स्वरूप जैन पूनम, अनंगपाल, रामनिवास, इरशाद, कार्यालय नगर शिक्षा अधिकारी से मनोज, राजीव, नीलेश पंवार आदि का योगदान रहा।

सूर्यप्रताप शाही पहुंचे नावला, किया चुनाव प्रचार

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बुस.)। खतौली उपचुनाव में नावला गांव में आयोजित जनसभा के मुख्य अतिथि सूर्य प्रताप शाही कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश का भविष्य योगी व देश का भविष्य मोदी के हाथों में सुरक्षित है। यहां पहुंचने पर व्यापारी नेता राहुल गोयल वरिष्ठ भाजपा नेता, श्रीकांत त्यागी भाजपा नेता, श्रवण गुप्ता, मयंक त्यागी, नरेंद्र त्यागी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, नवीन ठेकेदार, आदेश त्यागी आदि ने उनका अभिनन्दन किया।

नि:शुल्क सर्जिकल शिविर

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 नवम्बर, 2022 दिन सोमवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।

इस कैम्प में

- पित्त की थैली में पथरी, अपैंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छींकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगो का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा संम्बधित रोग जैसे- बावासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज

नि:शुल्क पी.एस.ए. | ऑपरेशन पर भारी छूट | नि:शुल्क यूरोफ्लोमेट्री

स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

फ्री परामर्श का समय
28 नवम्बर 2022, सोमवार प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779
रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

दुकान बिकाऊ है

shop

एक दुकान 55 वर्ग गज में, उत्तर मुहाना (13.6 फुट) व पूर्व मुहाना (36 फुट) मय छत के बिकाऊ है।

-: सम्पर्क करें :-
M. 9634444879

REQUIREMENT

REQUIRED STAFF OR TRAINEES FOR A REPUTED CA FIRM

QUALIFICATION :-
CA, CA (IPCC), M.COM, B.COM
REMUNERATION NEGOTIABLE

SHIAM & CO.
Chartered Accountants,
Near Vardhman Hospital
Jansath Road, Muzaffarnagar
9927004812
9927004815

गुमशुदा की तलाश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कालू जैन (कुलदीप) निवासी जैन गली, शाहपुर दिनांक 22.11.2022 से अचानक कही गायब हो गये है। जिससे उनके परिवार के सदस्य काफी परेशान है, उन्हें हर जगह तलाश किया मगर उनका कही कुछ पता नहीं चल पाया है। जिस किसी व्यक्ति को उनका सुराग मिले कृपया निम्न नम्बर पर सूचित करने की कृपा करे।

सम्पर्क सूत्र: 8700031563

PURI INDUSTRIES

VACANCY

We are a Muzaffarnagar based company engaged in manufacturing of industrial valves and mild steel fabrication equipments.

We require following candidates to strengthen our team :

PRODUCTION ENGINEERS

Qualification: **B.Tech. / Diploma in Mechanial Engineering**

Experience: **1-3 years in Mild Steel Fabrication industry, Freshers can apply too.**

Post: **2**

Salary as per candidate merit

CNC LATHE MACHINE OPERATORS

Working knowledge is compulsory | Salary as per candidate merit

Post: **2**

PURI INDUSTRIES

Interested candidates can submit their resume via
mail: puriind.water@gmail.com whatsapp: 9837016491
or contact at **factory gate** any time between 11am - 5pm :
PURI INDUSTRIES, 8.5kms, Jansath road, Muzaffarnagar.

हाथी की पीठ पर नल गाड़ पाएंगे चंद्रशेखर?

खतौली उपचुनाव तिगड्डे गठबंधन का लिटमस टेस्ट

ऋषिराज राही

मुजफ्फरनगर, 26 नवंबर (बु.)। कई जगह भटकने के बाद रालोद सपा गठबंधन से जुड़े आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद क्या बसपा की गैर मौजूदगी में हाथी की पीठ कर नल गाड़ पाएंगे? आज जो नजारा था उससे लगा कि खतौली उपचुनाव के दौरान बसपा की गैर मौजूदगी में दलित वोट को भीम आर्मी के नाम पर साधने पर सपा-रालोद की निगाहें हैं। आज जिस तरह से पूरी सभा आजाद समाज पार्टी के नाम रही उससे यही संदेश देने की कोशिश सपा व रालोद के नेताओं ने की।

खतौली विधानसभा चुनाव से पूर्व काफी समय से इधर उधर भटक रहे आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने जब रालोद प्रत्याशी मदन भैया को समर्थन देने का ऐलान किया और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी से हाथ मिलाया तो यह चौंकाने वाला फैसला था। हालांकि अब इसका मतलब समझ में आ रहा है। लगातार खुद को बसपा का विकल्प बनाने की कोशिश में जुटे चंद्रशेखर के लिए खतौली चुनाव एक बड़ा अवसर है। इस उपचुनाव में बसपा नहीं है। ऐसे में लगातार यह समझा जाता रहा है कि जिस चुनाव में बसपा नहीं होती वहां दलित वोटर पूरी तरह से भाजपा की ओर चला जाता है। ऐसा पिछले कुछ चुनावों में देखने को भी मिला है कि दलित वोटर ने सपा और रालोद के उग्र राजनीतिक प्रचार के बीच इससे किनारा कर भाजपा को समर्थन दिया है। सपा से बसपा का गठबंधन टूटने और इसके बाद दोनों दलों में आरोप प्रत्यारोप के दौर के बाद अब खतौली उपचुनाव राजनीतिक गठबंधन की नई प्रयोगशाला बन गई है। ऐसे में चंद्रशेखर के सहारे जहां रालोद सपा गठबंधन दलित वोटर को साधने की तैयारी में है, वहीं आजाद समाज पार्टी के सामने भी खुद को बसपा का विकल्प बनकर उभारने की चुनौती है। खतौली विधानसभा उपचुनाव में जातीय संतुलन की बात करें तो यहां दलित वोटर का आंकड़ा अडतालीस हजार से अधिक है, मुस्लिम के बाद हिंदू जातियों में सबसे अधिक है। जाहिर है कि यह बड़ा वोट बैंक चुनाव की दिशा को निर्धारित करने में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाला है, खासतौर से उस स्थिति में जबकि मुकाबला आमने सामने का है। आज जहां सपा-रालोद-आसपा गठबंधन की चुनावी सभा ऐसा लग रहा था कि जैसे चंद्रशेखर आजाद को समर्पित कर यह दिखाने की कोशिश की गई कि दलित वोट मदन भैया के साथ है तो वहीं दूसरी ओर भाजपा की ओर से तिसंग में आयोजित अनुसूचित वर्ग सम्मेलन में समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण के साथ पार्टी के तमाम दलित और अन्य वर्गों के नेताओं ने दलितों को यह समझाने की कोशिश की कि आपराधिक छवि वाले व्यक्ति को वोट देकर गुंडागर्दी को ना बढ़ावा दें। उन्होंने सामाजिक समीकरण में भी दलितों को दबंगों के उत्पीड़न की याद दिलाने की कोशिश की। इसके साथ ही दलितों को पहले सपा के गठबंधन में मिले धोखे को याद दिलाकर उन्हें साधने का प्रयास भी भाजपा नेताओं ने किया। इसमें कौन कितना सफल होगा, यह तो वक्त बताएगा, लेकिन अगर खतौली की प्रयोगशाला में तिगड्डा गठबंधन पास हो गया तो यह भाजपा के साथ बसपा के लिए भी खतरे की घंटी साबित होगा। जाहिर है कि प्रचार के आने वाले दिनों में दोनों दलों के अलग रंग देखने को मिलेंगे।

मुझे खेकडे वाले से खतौली वाला मदन भैया बना दो

मुजफ्फरनगर, 26 नवंबर (बु.)। खतौली से गठबंधन प्रत्याशी मदन भैया ने कहा कि भाजपा के नेता हमारे प्रधानों के बक्से रखवाने की बात कह रहे हैं, बक्से तो हम 2024 में भाजपा के रखवाएंगे। उन्होंने कि अभी तक लोग मुझे खेकड़ा वाला मदन भैया बताते हैं अब मुझे खतौली वाला मदन भैया बना दें। उन्होंने भाजपा पर कार्यकर्ताओं को धमकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के नेता हमारे प्रधानों को बक्से रखवाने की बात कह रहे हैं। किसी को इससे डरने की जरूरत नहीं है। बक्से तो हम 2024 में भाजपा के रखवाएंगे। उन्होंने कहा कि रालोद किसानों और कमेरों की पार्टी है। आसपा के मिलने से गठबंधन को मजबूती मिली है। ये गठबंधन सत्ता परिवर्तन का प्रतीक बनेगा।

जयंत चौधरी खुद अपने हाथों से बांटेंगे वोटर पर्ची



रालोद सुप्रीमो जयंत सिंह चौधरी 28 दिसंबर को पूरा दिन खतौली क्षेत्र में रहेंगे। वे इस दिन फीमपुर, खोकनी और बिहारीपुर में घर घर जाएंगे और अपने हाथों से मतदाताओं को वोटर पर्ची बांटेंगे। इस दौरान पार्टी के अन्य नेता भी उनके साथ रहेंगे।

संदीप मलिक, जिलाध्यक्ष रालोद

गन्ने पर झूठ बोलकर गए उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कल झूठ बोलकर गए कि किसानों के गन्ने का पूरा भुगतान हो गया है। खतौली के पड़ौस में बुढाना मिल पर अभी सौ करोड और बजाज ग्रुप पर साढ़े पांच करोड़ बकाया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव नहीं आ पाए, उन्होंने मुझे यहां पार्टी का प्रतिनिधि बनाकर भेजा है। सपा कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ चुनाव में रहेंगे।

हरेंद्र मलिक, पूर्व सांसद समाजवादी पार्टी

भारतीय जनता पार्टी कहती है मुसलमानों का इलाज कर दिया

भाजपा के लोग कहते हैं कि हमने मुसलमानों का इलाज कर दिया। मुसलमान कोई बीमार है जो उसका इलाज कर दिया। भाजपा ने पिछले कई चुनावों में मुजफ्फरनगर को बेस बनाकर वोट मांगा लेकिन चौ.अजित सिंह ने भाईचारे को लौटाया। अखिलेश यादव और जयंत चौधरी मिलकर इसे आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

शाहिद मंजूर, पूर्व मंत्री समाजवादी पार्टी

मेरा लाठी और डंडा दोनों मजबूत: चंद्रशेखर

▶ कहा: पांच को मेरा जन्म दिन, तोहफे में वोट दे देना

मुजफ्फरनगर, 26 नवंबर (बु.)। सरकार नौजवानों भविष्य से खिलवाड़ कर रही है और विरोध करने पर बड़ों को ईडी और सीबीआई से दबाया जाता है, छोटे कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि पांच दिसंबर को वे खुद सरकार की लाठी गोली का जवाब देने के लिए क्षेत्र में रहेंगे। इस दिन उनका जन्म दिन है और वे चाहते हैं कि दो अप्रैल को जो लाठी गोली हमारे कार्यकर्ता पर चलाई गई, उसके जवाब में आपके वोट का तोहफा मांगता हूं। उन्होंने कहा कि मेरा लाठी और डंडा दोनो मजबूत हैं। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर ने कहा कि बाबा साहब द्वारा बनाया गया संविधान देश का संविधान दुनिया का सबसे बेहतरीन संविधान है। यह संविधान देश के अंतिम व्यक्ति को भी समान अधिकार देता है। किसान, नौजवान, महिला, मजदूर देश का कोई भी व्यक्ति हो, संविधान में बराबर का अधिकार है। इसी से वोट का हक मिला है। जितने जुल्म अंग्रेजो के राज में हुए उतने ही जुल्म भाजपा के राज में हो रहे हैं। इसके नेता छुट्टा पशु की तरह घूम रहे हैं। देश में हालात बड़े खराब है। नौजवान परेशान है। पहले भर्ती नहीं आती, अगर भर्ती आती है तो पेपर लीक हो जाता है। इसके बाद आरक्षण में घोटाले हो जाते हैं। शिक्षक और दारोगा भर्ती में देखा कि सरकार अहंकार में चूर है। सरकार नौजवानों के भविष्य को बर्बाद करने में लगी है। नौजवान आत्महत्या करने को मजबूर है। गरीबों की जेब खाली है। कोई कुछ भी कहता रहे, लेकिन गठबंधन का प्रत्याशी हमारा अपना है। चंद्रशेखर ने कहा कि 5 दिसंबर को उनका जन्म दिन है और वे दो दिसंबर को ही क्षेत्र के हर गांव में पहुंचने का प्रयास करेंगे। पांच दिसंबर को भी यहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का बुलडोजर गरीबों और मजलूमों पर चलता है। खतौली का चुनाव भाजपा के ताबूत में आखरी कील ठोंकने का काम करेगा।

गठबंधन की सभा पर चढ़ा रहा नीला रंग

मुजफ्फरनगर, 26 नवंबर (बु.)। नल के निशान वाले हरे और गठबंधन के साइकिल के निशान वाले झंडों से लबरेज रहने वाली गठबंधन की सभा में आज नजारा दूसरा था। आज सपा और रालोद के इक्का दुक्का झंडे दिखे, लेकिन आजाद समाज पार्टी के नीले झंडे और जय भीम के नारे आज पूरी सभा में छाए रहे। आजाद समाज पार्टी की नीली टोपियां भी जमकर बांटी गई। मैदान में भारी भीड़ देखकर मंच पर मौजूद नेता गद्गद थे, लेकिन वहां नेताओं की इतनी भीड़ हो गई कि कई बड़े नेताओं के तो चेहरे भी मंच पर नजर नहीं आए। मंच नेताओं की भीड़ से खचाखच भरा रहा। वहां रालोद, सपा और आजाद समाज पार्टी के झंडे लगाए गए थे। रालोद और सपा नेताओं ने भी जय भीम के नारे लगाए। सभा के बीच मंच पर चढने की कोशिश कर रहे एक युवा की जमकर धुनाई कर दी गई। उसे देख कुछ लोगों ने शोर मचाया तो मंच से उसे विरोधी दल का आदमी घोषित कर दिया गया। इसके बाद भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने उसे दौड़ा लिया और पीटते हुए सभा से बाहर ले गए। सभा में जयंत चौधरी को हरी, कमाल अख्तर को लाल और चंद्रशेखर को नीली पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जयंत चौधरी को डॉ.अंबेडकर का चित्र भी भेंट किया।

जनपद में पेस्टीसाईड्स की दुकानों पर छापेमारी

▶ 9 दुकानदारों को भेजा नोटिस, 19 नमूने किये जब्त

मुजफ्फरनगर, 26 नवंबर (बु.)। शासन के निर्देशों के क्रम में कृषि विभाग की तीन टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी करते हुए पेस्टीसाईड्स की दुकानों की जांच की। इस दौरान कीटनाशक की दुकानों पर हंड़कम्प मचा रहा। कृषि उपनिदेशक आरपी शुक्ला की पहल पर गठित तीन टीमों ने बुढाना, जानसठ और सदर क्षेत्र में 37 दुकानों पर छापेमारी की, जहां उक्त टीमों द्वारा स्टॉक और दस्तावेजों की जांच करते हुए कीटनाशक दवाई के करीब 19 नमूनें जब्त किये गये। कृषि विभाग के अधिकारियों की छापेमारी के दौरान दुकान बन्द कर भागे 9 दुकानदारों को नोटिस जारी किये गये। इस बीच खतौली क्षेत्र में छापेमारी की सूचना पर दुकाने बन्द होने के साथ क्षेत्र के दुकानदार मौके से फरार हो गये।

मुजफ्फरनगर जनपद में शनिवार को शासन द्वारा जारी निदेर्शों के बीच लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर नकली कीटनाशक दवाई की दुकानों पर विभागीय अधिकारियों द्वारा छापेमारी की गई। जनपद में की गई, छापेमारी से दुकानदारों में हंड़कम्प मच गया। इसी बीच खतौली में कीटनाशक की दुकानों पर छापेमारी की सूचना पर कई दुकानदार अपनी दुकानें बन्द कर गायब हो गये। हालांकि खतौली में शनिवार को छापेमारी नहीं की गई। जनपद में तीन तहसीलों में की गई छापेमारी के दौरान सदर में कोर्ट रोड़ पर जिला कृषि रक्षा अधिकारी यतेन्द्र सिंह की देखरेख में छापेमारी की गई। वहीं बुढ़ाना में कृषि उपनिदेशक आरपी चैधरी और जानसठ में जिला कृषि अधिकारी जशवीर सिंह तेवतियां के नेतृत्व में गठित टीम ने 37 दुकानदारों के यहां स्टॉक रजिस्टर और अन्य दस्तावेजों की जांच करते हुए कीटनाशक दवाई के 19 नमूने जब्त किये। वहीं छापेमारी के दौरान दुकान बन्द कर भागे उक्त दुकानों को अधिकारियों के द्वारा नोटिस जारी किये गये हैं। जिला कृषि रक्षा अधिकारी यतेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे कोर्ट रोड़ पर की गई छापेमारी के दौरान जब्त किये गये नमूनों को जांच के लिए लैब में भेजा गया है। वहीं छापेमारी के दौरान दुकान बन्द कर भागे दुकानदारों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

नहीं रहे विक्रम गोखले

मुंबई, 26 नवंबर (वार्ता)। दिग्गज अभिनेता विक्रम गोखले का शनिवार को निधन हो गया। 77 वर्षीय अभिनेता ने पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में अंतिम सांस ली। इस बात की पुष्टि अभिनेता की बेटी ने की है। उन्होंने कहा, यह पुष्टि की जाती है कि श्री विक्रम गोखले का आज दोपहर निधन हो गया। हम इस कठिन समय में सभी को उनकी शुभकामनाओं, समर्थन और प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेता के अवशेषों को बाल गंधर्व रंग मंदिर ले जाया जाएगा और अंतिम संस्कार वैकुंठ में किया जाएगा। अभिनेता के निधन की खबर सामने आने के बाद से ही शोक की लहर दौड़ गई है। तममा सिने कारों ने उनके निधन पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभिनेता को श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि विक्रम गोखले जी एक रचनात्मक और बहुमुखी अभिनेता थे।

सीओ कैराना की टैस्ट रिपोर्ट पर घंटों दौड़ी दो थानों की पुलिस

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बु.)। बाइक चोरी की रिपोर्ट पर दो थानों की पुलिस घंटों तक भागदौड़ करती रही। बाद में बाईक चोरी की दोनों सूचनाएं सीओ कैराना द्वारा दर्ज कराई टैस्ट रिपोर्ट निकली। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सीओ कैराना ने बीती रात सिविल लाइन थाने पहुंचकर साकेत कॉलोनी निवासी दीपक सागर के नाम से रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रेलवे रोड स्थित एसबीआई के एटीएम से पैसे निकालने गये थे, जहां से अज्ञात बदमाशों ने उनकी बाइक चोरी कर ली। सूचना मिलने पर सिविल लाईन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर भागदौड़ शुरू कर दी। बाद में यह सूचना सीओ कैराना द्वारा दर्ज कराई गई टैस्ट रिपोर्ट निकली। इसके अलावा सीओ कैराना ने इसी नाम से तितावी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि तितावी मिल के सामने स्थित एटीएम से पैसे निकालते समय अज्ञात बदमाश उसकी बाइक चोरी कर ले गये हैं। सूचना पर पुलिस ने भागदौड़ शुरू कर दी, लेकिन पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा। बाद में पुलिस को पता चला कि यह रिपोर्ट सीओ कैराना द्वारा पुलिस की कार्यप्रणाली परखने के लिये दर्ज कराई गई थी, तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली।

खेत में दो अजगर निकलने से हड़कम्प मचा

मीरापुर, 26 नवम्बर (बु.)। गांव भूम्मा में एक किसान के एक खेत में एक साथ दो अजगर निकलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुँचे वन विभाग के कर्मचारियों ने दोनों अजगरों को पकड़कर हस्तिनापुर वन्य अभ्यारण्य क्षेत्र में छोड़ दिया। शनिवार को गांव भूम्मा निवासी किसान दीपू पुत्र जसवीर अपने खेत मे काम कर रहा था। इस दौरान उसके गन्ने के खेत से अचानक करीब 15 फुट लंबे दो अजगर बाहर निकल आये, एक साथ दो अजगरों को देखकर दीपू व आसपास के खेतों काम कर रहे अन्य किसानों में हड़कम्प मच गया। किसानों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी, सूचना पर पहुँचे वनकर्मियों ने किसानों की मदद से कडी मशक्कत के बाद दोनों अजगरों को पकड़ लिया तथा दोनों अजगरों को अपने साथ ले जाकर वनकर्मियों ने हस्तिनापुर वन्य अभ्यारण्य क्षेत्र में छोड़ दिया।

मीरापुर के भूम्मा में निकले अजगरों को पकड़ते किसान व वनकर्मी

थाने के निकट युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बु.)। भौराकलां थाने के निकट अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किये, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिये भिजवा दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि भौराकलां थाना क्षेत्र के निकट एक युवक बैठा हुआ था, जो अचानक गश खाकर गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किये, किन्तु उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र 32 वर्ष के आसपास है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण हेतु भिजवा दिया।

छात्रों के गुटों में चले लाठी-डण्डे व बैल्टें

खतौली, 26 नवंबर (बु.)। मिली जानकारी के अनुसार नगर के रेलवे रोड़ पर स्थित एक महाविद्यालय व एक इन्टर कॉलेज के छात्र-छात्रों में अपना बर्चस्व बनाने को लेकर छात्रों में गुटों के बीच भीषण संग्राम की घटनाओं के निरन्तर क्रम से रोड़ के दुकानदार व निकटवर्ती पंजाबी कॉलोनी के लोग हमेशा भयभीत करने के पश्चात पुलिस प्रशासन इसको लेकर पूर्ण रूप से उदासीन साबित बना हुआ है। शनिवार को प्रातः रेलवे रोड़ स्थित पंजाबी कॉलोनी में छात्रों के दो गुटों के बीच लात घूंसों सहित जमकर बैल्ट आदि के हुए खुले प्रयोग से जहां कॉलोनी के परिजनों में हड़कम्प मच गया, वहीं रेलवे रोड़ के दुकानदारों में खलबली मच गयी, तथा सड़क पर ठेलों पर सब्जी बेचने वाले दुकानदार अपनी ठेलिया हटाते हुए दिखायी देने लगे। संग्राम में दो छात्रों के सिर में चोट लगने से जहां बुरी तरह लहुलुहान हो गये, वहीं कई छात्र चोटिल हो गये। नागरिकों की सूचना पर पुलिस को मौके पर आता देख मारपीट करने वालने छात्र मौके से फरार हो गये। घायल छात्रों को तत्काल अस्पताल भर्ती कराया गया। उल्लेखनीय है कि रेलवे रोड़ स्थित एक इण्टर कॉलेज व बराबर में स्थित एक महाविद्यालय के बाहर जहां दिनभर छात्रों का जमावड़ा लगा रहता है वहीं छात्रों के साथ कुछ उनके मित्र मोहदों द्वारा झुन्ड के रूप में सड़क व निकटवर्ती पंजाबी कॉलोनी में खड़े रहकर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की वारदातों की शिकायते मिलने के पश्चात कोतवाली पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जाती है, जिसके फलस्वरूप कॉलोनी के परिजनों द्वारा अनेक बार की गयी शिकायत के पश्चात भी रेलवे रोड़ पर छात्रों के गुटों के बीच बार-बार ऐसे संग्राम की घटनाएं होनी जारी बनी हुई है।

सिटी पोस्ट ऑफिस के बाहर टॉयलेट पर पड़ा ताला

मुजफ्फरनगर, 26 नवंबर (बु.)। ऐसा लगता है कि नगर पालिका पूरी तरह लापरवाह हो चुकी है। पिछले दिनों झांसी रानी के पीछे टॉयलेट ब्लॉक पर ताला डालने की खबर चर्चा में रही थी। अब शिवचौक स्थिति सिटी पोस्ट ऑफिस के बाहर बने शौचालय पर ताला लटक गया है। दुकानदारों का कहना है कि शहर के सबसे व्यस्त इलाके के इस शौचालय के बंद होने से दुकानदार और अन्य लोग खासकर महिलाएं परेशान रहती हैं। लोगों को आसपास दीवार पर खुले में मूत्र त्याग कर देखते शर्म अलग आती है। लेकिन लगता है कि नगर पालिका के पास शर्म नाम का कोई खाता नहीं है।

सरकार से दो-दो हाथ को तैयार रहें: राकेश टिकैत

लखनऊ, 26 नवंबर (वार्ता)। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसानों से आह्वान किया कि जल्द ही सरकार से दो-दो हाथ करने हैं क्योंकि सरकार ने कागजों पर लिखकर वादा करने के बावजूद उनका पालन नहीं किया है। कम तादाद के चलते पूर्व घोषणा के बावजूद राजभवन की तरफ किसानों ने कूच नहीं किया और महापंचायत की समाप्ति की घोषणा कर दी गई। टिकैत ने किसानों से ट्रैक्टर और ट्विटर दोनों ही चलाना सीखने की अपील की है। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले लखनऊ के ईको गार्डेन में हुई किसान महापंचायत में राकेश टिकैत ने अपने संबोधन में कहा कि किसानों की जमीनें हड़पने की कोशिश की जा रही है। यह एकमात्र ऐसी सरकार है जो कागजों में झूठ बोलती। है पहले कहा बिजली मुफ्त देंगे फिर कहा मीटर लगेंगे। जब मीटर लगेंगे तो बिजली मुफ्त कैसे दी जाएगी। किसानों का धान आधे रेट में व्यापारी और आधी में सरकार खरीदेगी। किसान पराली जलाएंगे तो मुकदमे होंगे। सरकार बता दे कि बिना पराली के ऐसी कौन सी तकनीक है कि धान पैदा किया जा सकता है। उन्होंने वर्ष 2005 में बिहार में मंडी खत्म करके वहां के किसान को बर्बाद कर दिया और वहां के किसान मात्र 800 रुपये प्रति कुंतल धान बेच रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के किसानों को बर्बाद कर दिया। सेब के किसान बुरी तरह से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि चाहे जेवर एयरपोर्ट हो, आजमगढ़ हो या लखनऊ के किसानों की जमीनों का अधिग्रहण किया जा रहा है और पैसा नहीं दिया जा रहा है। वर्ष 2013 की भूमि अधिग्रहण नीति में संशोधन करते हुए जिलाधिकारी को जमीन खरीदने की सारी शक्तियां दे दी गई हैं। इससे किसान बर्बाद हो रहा है। बादशाह कहता है कि 2047 में विकास होगा पर तब तक किसानों की सभी जमीन चली जाएगी। टिकैत ने कहा कि आजादी की लड़ाई 90 वर्ष तक चली थी वह तो इस से भी खतरनाक दौर था लेकिन यदि किसान नहीं चेते तो वही दौर आ जाएगा क्योंकि इस समय अघोषित इमरजेंसी है कलम और कैमरे पर बंदूक का पहरा है। सोशल मीडिया पर सरकार का शिकंजा है। यह तो अच्छा रहा कि नीतीश बिहार में बच गए वरना उद्धव ठाकरे जैसा हाल हो जाता। राकेश टिकैत ने घोषणा की है कि जिन अधिकारियों ने किसानों को इस पंचायत में भाग लेने से रोका है हर जिले में उनके यहां अगले तीन दिन में धरना प्रदर्शन होंगे। यह तीन दिन का एक कोर्स होगा जो इन अधिकारियों को सबक सिखाएगा।

होली एंजिल्स स्कूल के सामने युवक पर हमला

मुजफ्फरनगर, 26 नवम्बर (बु.)। होली एंजिल्स स्कूल के सामने कुछ युवकों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच पडताल शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार आर्यपुरी निवासी देवांश गौतम पुत्र निशांत गौतम ने शहर कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि वह गांधी कॉलोनी से अपने घर वापस लौट रहा था। पीड़ित का आरोप है कि होली एंजिल्स स्कूल के सामने प्रिंस ने अपने चार-पांच अज्ञात साथियों के साथ उसे रोक लिया और उस पर बैल्टों तथा लाठी डंडों से हमला करके उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये।

लग्जरी फार्चूनर कार से पकड़ी 48 बोतल शराब 40 कैन बियर

खतौली, 26 नवंबर (बु.)। कोतवाली पुलिस ने लग्जरी फॉरच्यूनर गाड़ी से तस्करी कर लायी गयी 48 बोतल व चालीस बियर कैन सहित एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा उप-चुनाव को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार सीओ राकेश सिंह व कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार के कुशल नेतृत्व में कोतवाली पुलिस पूर्ण रूप से जहां सजग बनी हुई है वहीं पैदल गश्त के साथ वाहन चैकिंग अभियान द्वारा अपराधियों पर लगाम लगाने में तत्पर बनी हुई है। इस अभियान के अन्तर्गत उपनिरीक्षक मुनीश कुमार सहित अर्जुन सिंह व सौरभ कुमार पुलिस कर्मियों द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान एक फॉरच्यूनर गाड़ी से 48 बोतल अवैध शराब सहित चालीस कैन हरियाणा मार्का बीयर बरामद कर एक शराब तस्कर प्रवीण पुत्र चन्द्रमोहन निवासी थाना मालवीय नगर हाल निवासी थाना महरौली दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है। चर्चा है कि उक्त अवैध शराब विधानसभा उपचुनाव के प्रयोग हेतु आयी थी।

बीनडा में डेंगू से एक ही परिवार के तीन बीमार

कैराना, 26 नवम्बर (बु.)। बीनडा में डेंगू से एक ही परिवार के तीन सदस्य बीमार हैं। जिनका हरियाणा में उपचार कराया जा रहा है। करीब एक महीना पहले डेंगू के चलते एक टीचर की मौत हो गई थी। बीनडा निवासी सरवन कुमार ने बताया कि करीब 9 दिन पहले उसकी माता 55 वर्षीय केला देवी और 32 वर्षीय भाभी सुमन को बुखार आने पर पहले कैराना डॉक्टरों को दिखाया। दोनों की प्लेटलेट्स कम आने पर उन्हें हरियाणा के सनौली में प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों ने उन्हें डेंगू बताया। 1 दिन पहले उनके पिता राजकुमार को भी डेंगू होने पर उन्हें भी सनौली भर्ती कराया गया है। उसके मम्मी पापा और भाभी का उपचार अभी भी सनौली में चल रहा है। श्रवण ने बताया कि गांव में अभी भी कई लोग बुखार से पीड़ित हैं। वहीं करीब एक महीना पहले भी बीनडा में डेंगू के चलते एक टीचर की मौत हो गई थी। चिकित्सा अधीक्षक शैलेंद्र चौरसिया ने बताया कि अस्पताल पर डेंगू की जांच के लिए किट उपलब्ध है।

गड्ढामुक्त सड़कों के वादे हुए हवा हवाई

▶ भोपा-किशनपुर मार्ग बरसों से रो रहा अपनी बदहाली के आंसू

भोपा, 26 नवम्बर (बु.)। सरकार के गड्ढामुक्त सड़कों के वादे तो दूर की बात मार्ग ही गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं, जिसमें भोपा किशनपुर मार्ग बरसों में गड्ढों में तब्दील हो चुका है। गड्ढामुक्त सड़क अथवा सरल मार्ग नागरिकों के लिए एक सपना बनकर रह गये हैं। ग्रामीण क्षेत्र में दर्जनों मार्ग खस्ता हालत में हैं। मोरना ब्लॉक क्षेत्र के प्रमुख मार्ग भोपा तिस्सा किशनपुर मार्ग वर्षों खस्ता हालत में है, जिसको लेकर अनेक बार ग्रामीण व छात्र छात्राएं आन्दोलन भी कर चुके हैं, किन्तु मार्ग निर्माण के नाम पर खानापूर्ति कर प्रशासन इतिश्री कर रहा है। वहीं ग्रामीण खस्ता हाल मार्ग से गुजरने को मजबूर हैं। गुस्साए ग्रामीणों ने शीघ्र मार्ग की मांग करते हुए पुनः आन्दोलन की चेतावनी दी है।

भोपा तिस्सा किशनपुर मार्ग के टूट जाने से आधा दर्जन गांव के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तिस्सा के अलावा यह मार्ग मलपुरा, रुडकली, तेवड़ा, जौली, बेहड़ा आदि को भोपा से जोड़ता है। मार्ग के टूट जाने के कारण वहां से राहगीरों का निकलना दूभर हो गया है। प्रतिदिन हजारों वाहन इस रास्ते से गुजरते हैं। मार्ग में गड्ढे हो जाने के कारण अक्सर वाहन गड्ढों में फंस जाते हैं। छात्र छात्राओं के द्वारा मुजफ्फरनगर मार्ग पर धरना देने के बाद इस मार्ग को बनाने के नाम पर खानापूर्ति की गयी। तिस्सा, किशनपुर, अलीपुरा गांव के ग्रामीण बाइक फिसलकर गिर जाने से गम्भीर रूप से घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने शीघ्र मार्ग को दोबारा बनवाने की मांग करते हुए पुनः धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

कांधला में दो छात्र गुटों में संघर्ष, एक छात्र सहित दो लोग घायल

कांधला, 26 नवम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के बायपास मार्ग श्री चंदन लाल नेशनल इंटर कॉलेज के निकट दो छात्र गुटों में जमकर मारपीट हो गई, जिसमें एक छात्र व उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो ने अपना उपचार कराने के पश्चात पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शनिवार की दोपहर कैराना बायपास मार्ग स्थित श्री चंदन लाल नेशनल इंटर कॉलेज के अवकाश के पश्चात कुछ छात्र अपने घर जा रहे थे। तभी मामूली विवाद को लेकर दो छात्र गुट आमने-सामने आ गए। विवाद बढ़ जाने के पश्चात दोनों छात्र गुटों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। छात्र गुटों के बीच मारपीट के चलते मार्ग पर भगदड़ मच गई। मोहल्लावासियों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को देखकर मौके पर बुला लिया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर आपस में झगड़ा कर रहे छात्रों को तितर-बितर कर दिया। इस दौरान छात्र गुटों के संघर्ष में थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी कक्षा 11वीं के छात्र विनय पुत्र चंद्रपाल कस्बे में काम करने वाला उसका भाई सत्येंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां पर